# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






## बलिदान-गाथा से भरे इन इलाकों को नक्सलियों से मुक्त कराने की कहानी

# सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर को नक्सली छाया से मुक्त करने 1058 वीरों ने दी शहादत

**एसआई दीपक भारद्वाज, प्रधान आरक्षक नारायण सोढ़ी एवं एसटीएफ के प्रधान आरक्षक श्रवण कश्यप को मरणोपरान्त कीर्ति चक्र से किया गया है सम्मानित**

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

वर्ष 1990 से वर्तमान तक बीते 36 सालों में नक्सलियों ने सभांग के सुकमा, दंतेवाड़ा व बीजापुर जिले में कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया। इन हमलों में 1058 वीर जवानों ने नक्सलवाद के खात्मे व देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। इन्हीं वीर जवानों की शहादत से आज नक्सलवाद अंतिम सांसे गिन रहा है और देश को नक्सलदंश से मुक्ति मिल रही है। बस्तर रेंज के अंतर्गत आने वाले सुकमा, दंतेवाड़ा व बीजापुर जिले में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए अब तक कुल 1058 वीर जवानों ने अपना बलिदान दिया है। इनमें सुकमा जिले में सीजी पुलिस के 78 तथा सीआरपीएफ के 108, दंतेवाड़ा जिले में सीजी पुलिस के 208 व सीआरपीएफ के 215 तथा बीजापुर में सर्वाधिक सीजी पुलिस के 329 तथा अर्धसैनिक बलों के 120 कुल 449 जवानों की शहादत इस संघर्ष की गंभीरता और सुरक्षा बलों के समर्पण को दर्शाती है। इन वीरों के त्याग और कर्तव्यनिष्ठा ने क्षेत्र में आम नागरिकों के जीवन को सुरक्षित बनाने तथा शांति और विकास की दिशा में आगे ▶▶|शेष पेज 6 पर

**नक्सल खात्मे की डेडलाइन 1 दिन बाकी**



### ताड़मेटला में शहीद हुए थे 76 जवान

सुकमा जिले के ताड़मेटला में ही नक्सलियों ने देश का सबसे बड़ा हमला 6 अप्रेल 2010 को किया था। टीसीओसी के दौरान ताड़मेटला की पहाड़ी जंगल में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सीआरपीएफ 62 वीं वाहिनी की कंपनी डिप्टी कमाण्डेंट सत्यवान के नेतृत्व में 4 से 7 अप्रेल तक एरिया डोमिनेशन ▶▶|शेष पेज 6 पर



### एएसपी गिरपुंजे ने दी शहादत

सुकमा जिले को नक्सलमुक्त करने में सैकड़ों अधिकारियों व जवानों ने अपनी शहादत दी। लगभग दस माह पूर्व 9 जून 2025 को पत्थर खदान में पोकलेन जलाने की सूचना पर एएसपी कोंटा आकाश राव गिरपुंजे के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची। जली हुई ▶▶|शेष पेज 6 पर

### थाना प्रभारी कुआकोण्डा विवेक शुक्ला समेत कई जवान शहीद

थाना कुआकोण्डा से पुलिस पार्टी थाना प्रभारी विवेक शुक्ला के नेतृत्व में नकुलनार से बचेली तक का पीडब्ल्यूडी सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा के लिए 28 फरवरी 2014 की सुबह रवाना हुए थे। टीम करीब 11 बजे श्यामगिरी के पास पहुंचे थे कि घाटी के दोनों तरफ से पूर्व से घात लगाकर बैठे नक्सलियों के द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गयी इसी दौरान घटनास्थल के करीब पहुंच चुके थाना प्रभारी बचेली भी मौके पर पहुंचकर घात लगाये नक्सलियों के ऊपर जवाबी फायरिंग करने लगे। इस हमले में थाना प्रभारी एसआई विवेक शुक्ला के अलावा आरक्षक छविलाल काशी, संदीप यदु, धनेश्वर मंडावी व नवल किशोर शांडिल्य शहीद हो गये थे तथा आरक्षक पुष्पेन्द्र चंद्रा के पेट में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दंतेवाड़ा जिले में दूसरी बड़ी घटना 18 मार्च 2017 को हुई। अरनपुर थाना क्षेत्र के बुरगुम ▶▶|शेष पेज 6 पर

### बीजापुर जिले के टेकलगुड़म में 22 जवानों ने दी थी शहादत, मरणोपांत कीर्ति चक्र से सम्मानित

बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र स्थित टेकलगुड़ेम में 3 अप्रेल 2021 को नक्सलियों व पुलिस के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई थी। प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के करीब 350-400 की संख्या में सशस्त्र वदीर्धारी व सादी वेषभूषा के महिला पुरूष माओवादियों के ग्राम पेददागेलूर, टेकलगुड़यिम जोनागुड़ा में मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी, एसटीएफ, सीआरपीएफ कोबरा, बस्तर बटालियन व जिला पुलिस की टीमें थाना तरेंम से 2 अप्रेल को रवाना हुई थी। आपरेशन प्लान के मुताबिक 3 अप्रेल की सुबह पेद्दागेलूर एवं टेकलगुड़यिम के बीच जंगल पहाड़ी क्षेत्र की सर्चिंग करते हुए सभी पुलिस पार्टी के कैम्प वापसी के दौरान पूर्व से एम्बुश व घात लगाकर बैठे माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी को जान से मारने व हथियार लूटने की नियत से अत्याधुनिक स्वचलित हथियार से अचानक अंधाधुंध फायरिंग करते हुए देशी बीजीएल, यूबीजीएल तथा मोर्टार से पुलिस पार्टी पर अंधाधुध एचई बम दागने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा तत्काल मौके पर सुरक्षित ▶▶|शेष पेज 6 पर




आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹106359/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹129900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹141798/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply


## खबर संक्षेप

### सोनिया गांधी की सेहत में हो रहा सुधार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की सेहत में शानदार सुधार हुआ है। अब वह पूरी तरह से सामान्य हैं। उन्हें अस्पताल से छुट्टी देने पर जल्द फैसला होने की उम्मीद है। बुखार आने के बाद उन्हें 24 मार्च को रात करीब 10.22 बजे सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।
अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, गांधी को अब भी नसों के माध्यम से एंटीबायोटिक दवा दी जा रही हैं।

### लघु बचत योजनाओं में नहीं बदला ब्याज

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को एक अप्रैल से शुरू पहली तिमाही के लिए पीपीएफ और एनएससी समेत विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया। यह लगातार आठवीं तिमाही है, जब ब्याज दर को यथावत रखा गया है। सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर लागू रहेगी, जबकि तीन वर्षीय सावधि जमा पर ब्याज दर वर्तमान तिमाही के समान ही 7.1 प्रतिशत रहेगी।

## ईरान जंग जारी : खार्ग द्वीप पर ट्रंप की नई चेतावनी

# ट्रंप ने फिर दी धमकी, कहा- ईरान से तेल छीनना पसंद

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को नए सिरे से धमकी देते हुए कहा कि अगर शांति समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों, तेल के कुओं और खार्ग द्वीप को नेस्तनाबूद कर देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इशारा किया है कि वॉशिंगटन 'खार्ग द्वीप' पर कब्जा कर सकता है। यह ईरान का बेहद अहम आइलैंड है, क्योंकि देश का लगभग सारा कच्चा तेल निर्यात इसी द्वीप से होता है। सच कहूं तो, मुझे ईरान का तेल छीनना सबसे ज्यादा पसंद है, लेकिन अमेरिका में कुछ बेवकूफ लोग कहते हैं कि आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? ▶▶|शेष पेज 6 पर



### 10,000 सैनिकों की तैनाती का आदेश

रिपोर्ट के मुताबिक, पेंटागन ने पहले ही जमीन पर कब्जा करने के लिए पश्चिम एशिया में 10,000 सैनिकों की तैनाती का आदेश दे दिया है। 28 मार्च को लगभग 3,500 नौसैनिक और मरीन अपने ऑपरेशनल जोन में पहुंच चुके हैं, जबकि करीब 2,200 मरीन रास्ते में हैं। मिलिट्री एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि खार्ग आइलैंड पर कोई भी हमला बहुत खतरनाक हो सकता है। इसमें अमेरिकी सैनिकों के मारे जाने का खतरा बढ़ जाएगा, साथ ही लड़ाई और लंबी हो सकती है।

### स्पेन ने अमेरिका के लिए बंद किया हवाई रास्ता

रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने सोमवार को घोषणा की कि स्पेन ने ईरान युद्ध में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। स्पेन ने पहले ही कह दिया था कि अमेरिका उसके देश में स्थित संयुक्त सैन्य अड्डों का इस्तेमाल पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से संबंधित अभियानों के लिए नहीं कर सकता। रोबल्स ने पत्रकारों से कहा, यह बात अमेरिकी सेना और बलों को शुरू से ही स्पष्ट कर दी गई थी। इसलिए न तो इन अड्डों के इस्तेमाल की अनुमति है और न ही ईरान युद्ध से संबंधित किसी भी कार्रवाई के लिए स्पेन के हवाई क्षेत्र का उपयोग किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के नेतृत्व वाली स्पेन सरकार पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजराइली सैन्य कार्रवाइयों की सबसे मुखर आलोचक रही है।

**प्रदेश के दो विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति, राजभवन ने जारी किया आदेश**

# पटेरिया संभालेंगे बिलासपुर विवि की कमान जम्मू-कश्मीर के विनय होंगे रायगढ़ के कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के दो विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति कर दी गई है। राजभवन से इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया है। इसके मुताबिक, अटल बिहारी वाजपेयी विवि बिलासपुर के कुलपति प्रो.ललित कुमार पटेरिया होंगे। वे इसके पूर्व रायगढ़ विवि में कुलपति पद पर नियुक्त थे। उनके स्थान पर रायगढ़ विवि की कमान प्रो.चौहान को दी गई है। बिजनेस स्कूल ऑफ जम्मू एंडकश्मीर यूनिवर्सिटी के प्रो.विनय चौहान रायगढ़ विवि के नए कुलपति होंगे। गौरतलब है, प्रो.ललित पटेरिया रायगढ़ के पहले कुलपति थे। कांग्रेस शासनकाल ▶▶|शेष पेज6 पर



प्रो. ललित पटेरिया प्रो. विनय चौहान

**अलग खबर**

### बीते माह पत्रकारिता विवि को मिला था कुलपति

2025 में छत्तीसगढ़ के 60 फीसदी विश्वविद्यालयों में कुलपति के पद रिक्त थे। इसे लेकर समय-समय पर सवाल भी उठते रहे। 2026 में कुलपति चयन में राजभवन द्वारा तेजी लाई गई है। पिछले माह ही पत्रकारिता विवि को कुलपति मिला था। एक साल के इंतजार के बाद प्रो.मनोज दयाल को कुलपति नियुक्त किया गया था। इसके पूर्व स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि में कुलपति पद पर डॉ.अरुण अरोरा को नियुक्त किया गया। अन्य नियुक्तियां भी बीते 6 माह के दौरान हुई है।

### बिलासपुर से अधिक आवेदन रायगढ़ के लिए

रायगढ़ विवि में कुलपति पद के लिए आवेदन पिछले वर्ष मंगाया गया था। इस संदर्भ में उच्च शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर 20 अगस्त 2025 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया। 88 आवेदन रायगढ़ विवि में कुलपति पद के लिए प्राप्त हुए थे। इनमें से प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कार्यरत प्रोफेसर्स सहित कुलपतियों के भी आवेदन प्राप्त हुए थे। दूसरे राज्यों से भी पर्याप्त संख्या में आवेदन मिले थे। प्राप्त 88 आवेदनों में से 11 का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया। साक्षात्कार में चयनित सभी 11 उम्मीदवारों को विवि के लिए अपने विजन सहित अन्य प्रस्तुतियां देनी थी। रायगढ़ विवि की तुलना में बिलासपुर विवि में कुलपति बनने कम दिलचस्पी देखने को मिली। यहां सिर्फ 52 आवेदन ही प्राप्त हुए थे, जिसके आधार पर समिति ने अंतिम नामों की सूची साक्षात्कार के लिए तैयार की थी।




# 41 साल बाद भ्रष्टाचार के आरोप से दोषमुक्त हुए 10 अधिकारी, पत्नी एवं बच्चों ने लड़ा मुकदमा, हाईकोर्ट से मिली जीत

- जगदलपुर सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारियों को मौत के बाद मिला न्याय
- कोर्ट ने कहा कि शक, चाहे कितना भी मज़बूत हो, कानूनी सबूत की जगह नहीं ले सकता




**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने सफाई कर्मियों के नाम पर फर्जी वेतन आहरण करने के मामले में जगदलपुर के सीएमएचओ, लेखापाल सहित 10 आरोपियों की सजा को रद्द करते हुए दोषमुक्त किया है। इसमें पांच अधिकारियों की मौत होने पर उनकी पत्नी व बच्चों ने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील पेश की थी। हाईकोर्ट ने पाया कि जिन अपराधों का आरोप लगाया गया है, उनके ज़रूरी तत्व साबित नहीं हुए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि आरोप साबित करने के लिए,यह सिद्ध करना होता है कि अवैध कार्य को करने के लिए, या किसी वैध कार्य को अवैध साधनों से करने के लिए, कोई समझौता या आपसी सहमति मौजूद थी या नहीं।

प्रकरण के मुताबिक डॉ. आर.के. सेन, तत्कालीन सीएमएचओ (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) जगदलपुर के पद में 1979 में कार्यरत थे।आरोप यह था कि तीन स्वीपर जयसिह, लालमणि और मायाराम को अलग-अलग प्राइमरी हेल्थ सेंटर पर अस्थायी तौर पर नियुक्त किया गया था। इन कर्मचारियों से लेकिन तय काम की जगहों पर जुलाई 1979 से लगभग एक साल तक सीएमएचओ ने अपने घर पर घरेलू नौकर के तौर पर रखा। इसके बाद, तीनों स्वीपर ने नौकरी छोड़ दी। उनके जाने के बावजूद, सीएमएचओ डॉ. सेन ने जुलाई 1979 से मई 1985 तक इन कर्मचारियों के नाम पर फर्जी बिल तैयार किए और वेतन निकाल लिया। आरोप यह भी था कि सैलरी बिल पर इन स्वीपर के नकली अंगूठे के निशान लगाए गए थे, जबकि वे पढ़े-लिखे थे और साइन कर सकते थे।

## 42 लाख रुपए से अधिक निकालने के आरोप

इस तरह कुल 42 लाख से अधिक की राशि निकाली गई। शिकायत पर लोकायुक्त भोपाल ने इनके खिलाफ जुर्म दर्ज किया। इसमें एम.आर. मलिक, बी.एस. मोर्या, टी.के.सी. बोस, के.आर.सी. पिल्ले, जी.आर. संभलकर, पीएल बिल्लरे, सी बनर्जी, एम पी पांडेय एवं एसआर देवांगन को आरोपी बनाया गया। मामले में सीएमएचओ डॉ. सेन ने सजा के खिलाफ कोई अपील पेश नहीं की और उनकी वर्ष 2003 में मौत हो गई। इसी प्रकार अपील लंबित रहने के दौरान एम.आर. मलिक, बी.एस. मोर्या, टी.के.सी. बोस, के.आर.सी. पिल्ले, जी.आर. संभलकर की भी मौत हो गई। इनकी मौत के बाद विधिक वारिसों ने मुकदमा लड़ा एवं उन्हें दोषमुक्त कराया है।

## सबूतों से शक जरूर लेकिन पुष्टि नहीं

मामले के चार कथित आरोपी पीएल बिल्लरे, सी बनर्जी, एम पी पांडेय एवं एसआर देवांगन जीवित है। कोर्ट ने इन्हें भी दोषमुक्त किया है। तर्क यह दिया गया कथित बेनिफिशियरी ने नौकरी के समय या सैलरी मिलने के बारे में कोई खास या भरोसेमंद सबूत नहीं दिया है। जिन जरूरी डॉक्यूमेंट्स पर भरोसा किया गया है, वे सिर्फ़ कार्बन कॉपी हैं जबकि ओरिजिनल दिखाए बिना, जिससे वे कानूनी तौर पर नामंजूर हो जाते हैं। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सबूत ज़्यादा से ज़्यादा, शक पैदा करते हैं, इसकी पुष्टि नहीं होती। कोर्ट ने कहा कि शक, चाहे कितना भी मजबूत हो, कानूनी सबूत की जगह नहीं ले सकता।

**हाईकोर्ट ने एसईसीएल को दिया आदेश**

# यदि कर्मचारी की मृत्यु खदान दुर्घटना या अन्य कारणों से होती है तो आश्रित को आर्थिक सहायता देनी होगी

जस्टिस संजय के. अग्रवाल ने एसईसीएल कर्मी की मौत के बाद उसके आश्रित सदस्य को मासिक सहायता राशि नहीं दिए जाने पर पेश याचिका में सुनवाई करते हुए कहा, यदि कर्मचारी की मृत्यु खदान दुर्घटना में या अन्य कारणों से होती है, अथवा कर्मचारी चिकित्सकीय रूप से अयोग्य हो जाता है, तो उसकी आश्रित महिला को 6000 रुपए की मासिक आर्थिक सहायता देनी होगी। कोर्ट ने एसईसीएल प्रबंधन को राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता के अनुसार याचिकाकर्ता को आवेदन की तिथि से सहायता राशि देने का आदेश दिया है याचिकाकर्ता अमरेश राजवाड़े के पिता रामप्रसाद एसईसीएल विश्रामपुर के कर्मचारी थे। कार्य के दौरान 2012 में उसकी मौत हो गई। पिता की मौत के बाद मां सोन बाई ने एसईसीएल में स्वरोजगार व आर्थिक सहायता के लिए आवेदन दिया। दुर्भाग्य से मां सोन बाई की 7 जनवरी 2014 को मौत हो गई। पिता एवं मां की मौत के बाद याचिकाकर्ता अमरेश राजवाड़े ने स्वरोजगार के लिए आवेदन दिया। एसईसीएल प्रबंधन ने आवेदन को खारिज कर दिया।

## वेतन समझौता में इसका प्रावधान

एसईसीएल के निर्णय को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को स्वरोजगार के लिए अपात्र माना, किन्तु राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता के अनुसार उसे मासिक आर्थिक सहायता प्राप्त करने का हकदार मानते हुए आवेदन करने छूट प्रदान की। याचिकाकर्ता एवं एसईसीएल के तर्क को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता के पिता रामप्रसाद की मृत्यु के बाद, उनकी पत्नी (अर्थात याचिकाकर्ता की माता), सोना बाई को न तो आश्रित रोजगार दिया गया और न ही आर्थिक सहायता। हाईकोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ता का मामला 'राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता के दायरे में आता है, जिसमें स्पष्ट रूप से यह प्रावधान है, महिला आश्रित को 6 हजार रुपए की मासिक आर्थिक सहायता देय होगी। आर्थिक सहायता प्रदान करने संबंधी याचिकाकर्ता की मांग को अस्वीकृत करना पूर्णतः अनुचित है।

**हरिभूमि की खबर पर मुहर**

# छत्तीसगढ़ में नहीं बढ़ी देशी शराब की कीमत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2026 से लेकर अगले साल 31 मार्च 2027 तक देशी शराब की कीमत नहीं बढ़ेगी। हरिभूमि ने इस संबंध में पिछले दिनों प्रमुखता से प्रकाशित खबर में यह जानकारी दी थी कि देशी शराब निर्माता कंपनियों के साथ रेट आफर पर चर्चा के दौरान निगोसिएशन हो चुका है। इस मोलभाव के बाद ये तय हो गया है कि राज्य में देशी शराब की कीमत नहीं बढ़ रही है।

छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए देशी मदिरा (मसाला एवं प्लेन) की फुटकर विक्रय दरों का निर्धारण कर दिया गया है । मंत्रालय, महानदी भवन से जारी आदेश के अनुसार, छत्तीसगढ़ आबकारी देशी,विदेशी मदिरा के फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 के नियम 9 के अंतर्गत ये दरें तय की गई हैं।



## अंग्रेजी- विदेशी के लिए भी रेट निगोसिएशन हुआ

आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार नए वित्तीय वर्ष के लिए जिस तरह देशी शराब के लिए कंपनियों से निगोसिएशन हुआ है उसी प्रकार अंग्रेजी और विदेशी शराब के लिए भी निगोसिएशन हो चुका है। यह मोलभाव करीब 90 ब्रांड के लिए किया गया है। इस ग्लोबल टेंडर में देश-विदेश की कई कंपनियां शामिल हुईं थी। लेकिन अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि अंग्रेजी-विदेशी शराब की कीमतों में कोई बदलाव हो रहा है या नहीं। बताया गया है कि आबकारी विभाग ने निगोसिएशन के बाद फाईल सरकार( विभागीय मंत्री) के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजी है।







हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




# धरा के 'सौंदर्य' पर गर्मी का ग्रहण, झरनों की धार पतली !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर जिले के चित्रकोट और तीरथगढ़ जलप्रपात की धारा गर्मी आते ही पतली होने लगी है। बाहरी पर्यटक और बस्तर संभाग के स्थानीय लोग बड़ी संख्या में दोनों जगह पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य के नजारे का लुत्फ उठाते हैं। दोनों स्थल संभाग मुख्यालय से ▶▶|शेष पेज 6 पर




### गरियाबंद में देवधारा जलप्रपात की धार हुई पतली

**मैनपुर।** गरियाबंद जिला के प्रमुख जलप्रपात देवधारा मार्च माह के अंतिम में ही गर्मी के चलते पानी की धार कम हो गई। हालांकि देवधारा में सालभर पानी रहता है लेकिन इसके झरने कम हो गए हैं। यह बेहद खूबसूरत और मनोरम स्थल है। देवदाहरा दो पहाड़ियों के बीच इन्द्रावन नदी पर है। इसके उपर भाई दाहरा, हाथ दाहरा, नागरशील और कई रमणीय सरोवर हैं।

## खबर संक्षेप

### जमीनी-समुद्री हमले का किया अभ्यास



**नई दिल्ली।** सशस्त्र बलों की तीनों सेवाओं ने संयुक्तता और अंतरसंचालन क्षमता की पुनःपुष्टि करते हुए 'एक्सरसाइज द्वीप शक्ति' नामक संयुक्त अभ्यास किया। इसके तहत अगली पीढ़ी के उपकरणों और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए समन्वित जमीनी-समुद्री हमलों, समुद्री वर्चस्व अभियान और जटिल समुद्री लैंडिंग प्रयासों को अंजाम दिया गया।

### कार और बाइक की टक्कर में तीन की मौत

**हरदोई।** हरदोई जिले के सवायजपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बंथला गांव निवासी दीपक (20), गोविंद (20), लंकुश (40) तथा ईश्वर दयाल (15) एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर रविवार को सवायजपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर खितौली गांव के पास तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

### एक ही व्यक्ति के फोटो से 84 सिम कार्ड

**देवास/इंदौर।** मध्यप्रदेश के देवास में पुलिस ने एक ही व्यक्ति के फोटो के दुरुपयोग के जरिये अलग-अलग लोगों के नाम मोबाइल फोन के 84 सिम कार्ड जारी होने के मामले में एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अबरार उर्फ अरबाज उर्फ अब्दुल के रूप में हुई है। वह दूरसंचार कंपनियों के एजेंट के तौर पर काम करता है।



### भारत के 19 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण भारत के लिए एलपीजी, कच्चे तेल और एलएनजी ला रहे 19 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं। पश्चिम एशिया में हो रही घटनाक्रमों के प्रभावों पर विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि भारत के लिए ऊर्जा सामग्री ला रहे 10 विदेशी झंडे वाले जहाज वर्तमान में फंसे हुए हैं।

### लश्कर-ए-तैयबा का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गाजीपुर इलाके से लश्कर-ए-तैयबा के एक संदिग्ध आतंकी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने लोन को कट्टर और उच्च प्रशिक्षित आतंकवादी करार देते हुए कहा कि उसने कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी 'इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई) की ओर से काम करने वाले आकाओं के साथ संबंध स्थापित किए थे।



## संसद में शाह बोले- हथियार उठाने वालों को चुकानी होगी कीमत

**लोकसभा में नक्सलवाद पर चर्चा केंद्रीय गृहमंत्री ने तय की थी डेडलाइन**

# नक्सल हिंसा के दिन लद गए बस्तर से माओवाद लगभग खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*गृहमंत्री अमित शाह ने देश में नक्सलवाद के खात्मे के लिए 31 मार्च की डेडलाइन तय की है। इस डेडलाइन के ठीक एक दिन पहले सोमवार को लोकसभा में इस दिशा में किए गए प्रयासों पर चर्चा हुई। लोकसभा में नक्सलवाद के मुद्दे पर नियम 193 के तहत चर्चा की शुरुआत शिवसेना (एकनाथ शिंदे) के सांसद डॉक्टर श्रीकांत शिंदे ने की है। चर्चा का जवाब देते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद लगभग खत्म हो चुका है, वह अब विकसित हो रहा है।*

खास खबर

गृहमंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद से देश को मुक्त बनाने के प्रयास पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान अनुच्छेद 370 हटाने, राममंदिर का निर्माण और कई बड़े काम हुए। अब नक्सल मुक्त भारत भी इसी सरकार के शासन काल में बनने जा रहा है। शाह ने कहा कि भोले-भाले आदिवासियों के सामने यह गलत विमर्श रखा गया था कि उन्हें न्याय दिलाने और उनके अधिकार की खातिर यह लड़ाई लड़ी जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, नक्सल का मूल कारण विकास की मांग, गरीबी और अन्याय नहीं, बल्कि विचारधारा है। गृह मंत्री ने कहा कि अन्याय होने पर हथियार उठा लेना लोकतांत्रिक तरीका नहीं है और ऐसी गतिविधि मोदी सरकार के दौरान कभी स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा, बस्तर क्षेत्र के लोग सरकार की सुविधाओं से छूट गए थे क्योंकि वहां लाल आतंक की परछाई थी। आज परछाई हट गई है ▶▶|शेष पेज 6 पर

### नक्सलियों का पूरा केंद्रीय नेतृत्व समाप्त

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि हमारे गृह मंत्रालय ने इस पूरे अभियान का नेतृत्व किया है, जो हथियार उठाएगा, वह कीमत चुकाएगा। उन्होंने ऑपरेशन बुढ़ा से लेकर ऑपरेशन थंडरस्टॉर्म, ऑपरेशन भीमबंधा तक का जिक्र किया और कहा कि ये सारे इलाके नक्सल मुक्त हो गए। नक्सलियों का पूरा केंद्रीय नेतृत्व समाप्त हो गया है। तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सीमा में पांच साल लड़ने के लायक हथियार, आईईडी बनाने की फैक्ट्रियां, पांच साल का अनाज वहां भरा था। बहुत गर्मी थी।

**खास बातें**

- कांग्रेस से शाह ने पूछा, आदिवासी विकास से उपेक्षित रह गए तो दोषी कौन है?
- कहा, नक्सलवाद का मूल कारण विकास की कमी और अन्याय नहीं, विचारधारा



### बस्तर को ही नक्सल मूवमेंट के लिए क्यों चुना

शाह ने कहा कि नक्सलियों ने मूवमेंट के लिए बस्तर को ही क्यों चुना, इसे विस्तार से बताना चाहता हूं। देश लंबी गुलामी से आजाद हुआ था। कई जगह दूर-दराज के इलाकों तक स्टेट की पहुंच कम थी। विकास नहीं पहुंचा था। जहां स्टेट पहुंचा ही नहीं था, वहां अत्याचार की बात कहां से आ गई। सच्चाई तो यह है कि जहां तक स्टेट की पहुंच कम थी, उन इलाकों को रेड कॉरिडोर के लिए चुना गया।

### यह बात यहां रुकेगी नहीं, चुनाव तक जाएगी

अमित शाह ने यूपीए सरकार के समय एनएसी का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी एक फोरम बनाई गई। हर्ष मंदर की अध्यक्षता वाले फोरम में एक शीर्ष नक्सली की पत्नी भी सदस्य थी। प्रधानमंत्री रूरल फेलोशिप का एक फेलो महेश राउत महाराष्ट्र में नक्सलियों के साथ संबंध के केस में पकड़ा गया। इसे छुड़ाने के लिए जयराम रमेश ने कांग्रेस के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा।

### भूपेश बघेल को पूछो, प्रूफ दूं क्या...

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने नक्सलवादियों को बचाकर रखा। इस पर विपक्ष ने हंगामा किया। उन्होंने कहा कि मुझे किसी व्यक्ति के सामने नहीं करना है। भूपेश बघेल को पूछो प्रूफ दूं क्या यहां पर, हां बोलें तो बोलो, वरना फंस जाओगे। 2023 में छत्तीसगढ़ में सरकार बदली और दूसरे ही महीने वहां गया था। बीजेपी की सरकार ने पूरे सहयोग का आश्वासन दिया था। 24 अगस्त 2024 को हमने यह ऐलान किया कि 31 मार्च 2026 को हम नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त कर देंगे। शाह ने 2014 के बाद उठाए गए कदम गिनाए और कहा कि कम्युनिकेशन की सारी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त कर दी गई। सीएपीएफ और राज्य पुलिस का समन्वय बढ़ाया। जिम्मेदारियां स्पष्ट कर दीं और ऑल एजेंसी अप्रोच शुरू किया। फंडिंग और सपोर्ट सिस्टम पर भी प्रहार किए। पुनर्वास योजना लेकर आए। विकास में कोई वैक्यूम नहीं छोड़ा।

## संसद में जुबानी जंग....

### पात्रा ने राहुल पर कसा तंज 'आप सरेंडर हैं, हम धुरंधर हैं'



भाजपा के सांसद संबित पात्रा ने सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक पुराने ट्वीट को लेकर उन पर तंज कसते हुए कहा कि 'आप सरेंडर हैं, हम धुरंधर हैं।' उन्होंने कहा, आज राहुल जी सदन में नहीं हैं। लेकिन मैं उन्हें ससम्मान कहना चाहता हूं कि हां राहुल जी यह नया भारत है। आप सरेंडर हैं। हम धुरंधर हैं।

### कांग्रेस बोली- अपने 'आका' को ग्रीन कॉरिडोर दे रही भाजपा



कांग्रेस सांसद सप्तगिरि उलाका ने दावा किया भाजपा सरकार नक्सलवाद खत्म नहीं कर रही, बल्कि खनन गतिविधियों के लिए अपने 'आका' को 'ग्रीन कॉरिडोर' दे रही है। उलाका ने कहा कि नक्सलवाद एक विचारधारा है, जिसे केवल बल से नहीं खत्म किया जा सकता, बल्कि विकास कर इस समस्या का समाधान होगा।

### क्या वामपंथी की जगह दक्षिणपंथी उग्रवाद लेगा : ओवैसी



एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को लोकसभा में सरकार से सवाल किया किया कि क्या देश में दक्षिणपंथी उग्रवाद धुर वामपंथी उग्रवाद की जगह लेगा। ओवैसी ने यह भी कहा कि देश में सबसे बड़ी आबादी नौजवानों की है तथा बांग्लादेश और नेपाल में हुए हालिया घटनाक्रमों से सबक लेने की जरूरत है।

### मोदी सरकार ने दिया 'ग्रोथ कॉरिडोर'



शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने लोकसभा में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने अपनी मजबूरियों के चलते देश को 'रेड कॉरिडोर' दिया, लेकिन मोदी सरकार ने 'ग्रोथ कॉरिडोर' दिया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों और पिछड़ों पर ध्यान नहीं दिया।

# लिव-इन जोड़ों को माना जाएगा शादीशुदा!

**दो चरणों में होगी जनगणना**

पहला चरण
अप्रैल से सितंबर 2026 तक मकान सूचीकरण, आवास गणना
दूसरा चरण
फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- जनगणना के पहले चरण में पूछे जाएंगे 33 सवाल

भारत में जनगणना के सिलसिले में स्व-गणना पोर्टल पर दिए गए अक्सर पूछे जाने वाले सवालों में कहा गया है कि अगर सहजीवन (लिव-इन) संबंध में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जनगणना के दौरान वैवाहिक दंपत्ति के समान माना जाए। जनगणना के दौरान स्व-गणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों 'हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग ▶▶|शेष पेज 6 पर

### क्या-क्या पूछे जाएंगे सवाल

- मकान का नंबर और संरचना
- फर्श, दीवार और छत में इस्तेमाल सामग्री
- घर की स्थिति और उपयोग
- परिवार में रहने वाले लोगों की संख्या
- शादीशुदा जोड़ों की संख्या
- परिवार के मुखिया का नाम, लिंग और सामाजिक वर्ग
- खाने की आदतें और इस्तेमाल होने वाले अनाज
- वाहन और अन्य सुविधाओं की उपलब्धता

### गोपनीय रहेगा व्यक्तिगत डेटा

महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सोमवार को लोगों से जनगणना करने वालों को सही जानकारी देने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहेगा। इसे किसी साक्ष्य या किसी योजना का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जनगणना का पहला चरण 16 अप्रैल से 15 मई तक होगा। जनगणना के दौरान एकत्र किया गया सभी व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहता है।

इसे सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत किसी भी सरकारी या गैर सरकारी संगठन के साथ साझा नहीं किया सकता है। इसे अदालत में साक्ष्य के रूप में उपयोग भी नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सांख्यिकीय डेटा का उपयोग केवल सारणीबद्ध करने के लिए किया जाएगा।

**हाईकोर्ट ने मांगा शिक्षा सचिव से जवाब**

## सीबीएसई की पढ़ाई और परीक्षा सीजी बोर्ड की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

जिले में स्थित ब्रिलियंट पब्लिक और नारायणा टेक्नो स्कूल में सीबीएसई कोर्स की पढ़ाई कराने के बाद स्टूडेंट्स को सीजी बोर्ड का एग्जाम दिलाया गया। इसे लेकर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने नाराजगी जाहिर की है। हाईकोर्ट ने मामले में शिक्षा सचिव को शपथपत्र के ▶▶|शेष पेज 6 पर

मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी

### स्कूल प्रबंधन की मनमानी

इस मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच को बताया गया कि प्रदेश में स्कूल प्रबंधन की मनमानी चल रही है। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की तरफ से बताया कि सीबीएसई ने अपने मान्यता के नियम को सख्त कर ▶▶|शेष पेज 6 पर

*चेल्लूरी नारायण पर था 25 लाख का इनाम कुल 19 हथियार और अन्य सामान सौंपे*

# आंध्रप्रदेश के डीजीपी के सामने 8 नक्सलियों ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माओवादी नेता चेल्लूरी नारायण राव उर्फ सुरेश, केंद्रीय समिति सदस्य (सीसीएम) और आंध्र-ओडिशा सीमा विशेष क्षेत्रीय समिति (एओबीएसजेडसी) के सचिव सहित उनके साथ 8 अन्य कैडरों ने जिन पर 48 लाख का इनाम था रविवार को समर्पण किया। सरेंडर करने वाले 8 नक्सली सुकमा और बीजापुर जिलों के रहने वाले हैं। इनमें एक सीनियर माओवादी भी शामिल है, जो संगठन में 36 साल से सक्रिय था। इनमें करतम लच्छू ▶▶|शेष पेज 6 पर



### माओवादियों ने ये हथियार सौंपे

समर्पण करने वाले माओवादियों ने हथियार भी सौंपा। इनमें एक इंसास, 2 बीजीएल, पांच 303 राइफलें, 5 एसबीबीएल, 6 अन्य हथियार, कोरडेक्स तार सहित 19 हथियार शामिल थे। पुलिस महानिदेशक ने इन सभी आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों को तत्काल राहत के रूप में 20 हजार रुपए प्रत्येक को राशि सौंपी।

### मदनवाड़ा के जंगल से नक्सली डंप बरामद

**मोहला।** 31 मार्च नक्सलवाद समाप्ति डेडलाइन से ठीक एक दिन पहले सोमवार की सुबह मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस को जिले के मदनवाड़ा थाना क्षेत्र स्थित कलवर, कोवाचीटोला के मध्य जंगल में नक्सलियों का बड़ा डंप बरामद करने में बड़ी सफलता मिली है। ▶▶|शेष पेज 6 पर



**शेयर बाजार में सुनामी, सेंसेक्स-निफ्टी में टूटा रिकॉर्ड**

# दहशत में बाजार, निवेशकों के डूबे 18 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिका-इजरायल की ईरान से जंग का असर बाजार पर दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया में तनाव कम न होने और कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल की वजह से बीएसई सेंसेक्स दो दिन में चार प्रतिशत से अधिक टूट गया है। पिछले दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स ने कुल 3,325.9 अंक या 4.41 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है।

शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी जबर्दस्त गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति में 18.60 लाख करोड़ रुपए की भारी कमी आई है। सोमवार को 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,635.67 अंक यानी 2.22 प्रतिशत टूटकर 71,947.55 अंक पर बंद हुआ।



### सेंसेक्स के ये 5 शेयर सबसे अधिक लुढ़के

बीएसई सेंसेक्स के 30 में से 28 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। बजाज फाइनेंस के शेयरों में सबसे अधिक 5.09 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। वहीं, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडिगो, बजाज फिनसर्व और एक्सिस बैंक के शेयरों में 3.59 फीसदी से लेकर 3.95 फीसदी तक की गिरावट रही।

### क्यों आई इतनी बड़ी गिरावट?

इस भारी गिरावट के पीछे कई बड़े कारण हैं। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव ने ग्लोबल मार्केट को हिला दिया है। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भारतीय बाजार पर दबाव बढ़ाया। कमजोर ग्लोबल संकेतों ने भी बाजार की शुरुआत से ही माहौल खराब रखा।

### सबसे बड़ी मासिक गिरावट

*भारतीय शेयर बाजार के लिए मार्च 2026 किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा। पूरे महीने बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसने निवेशकों की कमर तोड़ दी। हालात ऐसे रहे कि सेंसेक्स और निफ्टी में मार्च 2020 के बाद की सबसे बड़ी मासिक गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट में निवेशकों के करीब 44.62 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गए। 30 मार्च को भी बाजार में गिरावट थमने का नाम नहीं लिया। सेंसेक्स 1,635 अंक टूटकर 71,947 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 488 अंक गिरकर 22,331 पर आ गया। यह निफ्टी का अप्रैल 2025 के बाद सबसे निचला स्तर है।*

## चिंतन

# बिहार की राजनीति से नीतीश की केंद्र में एंट्री

बिहार की राजनीति में एक संभावित बड़े मोड़ की आहट सुनाई दे रही है। सीएम नीतीश कुमार का विधान परिषद से इस्तीफा महज़ एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक लंबे राजनीतिक युग के अंत का संकेत है। जिस नेता ने लालू प्रसाद यादव के कथित जंगलराज के बाद सुशासन और विकास की राजनीति को स्थापित किया, वही अब केंद्र की ओर कदम बढ़ाते दिख रहे हैं। यह बदलाव केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि बिहार की सत्ता संरचना और राजनीतिक संतुलन का भी पुनर्संयोजन है। नीतीश कुमार का राजनीतिक सफर हमेशा से व्यावहारिकता, संतुलन और समय के साथ खुद को ढालने की क्षमता का प्रतीक रहा है। वे न तो पूर्णतः वैचारिक राजनीति के बंधन में बंधे, न ही केवल अवसरवाद के प्रतीक बने। यही कारण है कि वे कई बार सत्ता के समीकरणों को अपने पक्ष में मोड़ने में सफल रहे, लेकिन इस बार मामला अलग है। राज्यसभा के लिए उनका चुना जाना और उसके बाद विधान परिषद से इस्तीफा देना इस ओर संकेत करता है कि उनकी भूमिका अब राज्य की सीमाओं से बाहर जाकर राष्ट्रीय राजनीति में अधिक प्रभावशाली हो सकती है। हालांकि यह देखने वाली बात है कि केंद्र में उनकी भूमिका क्या रहेगी। संवैधानिक रूप से भले ही वे छह महीने तक मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं, परंतु संकेत साफ हैं बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की जमीन तैयार हो चुकी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बिहार में पहली बार भाजपा अपना मुख्यमंत्री बना पाएगी? भाजपा के लिए यह अवसर जितना आकर्षक है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। अब तक बिहार की राजनीति में वह सहयोगी की भूमिका में रही है, जहां अंतिम निर्णयों में जनता दल (यूनाइटेड) और विशेषकर नीतीश कुमार का प्रभाव निर्णायक रहा। यदि भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाती है, तो उसे केवल सत्ता संभालने की नहीं, बल्कि सामाजिक और जातीय समीकरणों को साधने की कठिन परीक्षा से भी गुजरना होगा। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। कुशवाहा समाज से आने वाले सम्राट चौधरी ओबीसी समीकरणों को साधने में भाजपा के लिए उपयोगी हो सकते हैं। वहीं नित्यानंद राय का नाम भी चर्चा में है, जो यादव समुदाय से आते हैं और केंद्र में अनुभव रखते हैं। इन नामों के बीच संतुलन बनाना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि बिहार की राजनीति में जातीय आधार अब भी निर्णायक भूमिका निभाता है। यहां एक और महत्वपूर्ण पहलू है नीतीश कुमार की "मौन सहमति"। भले ही वे औपचारिक रूप से पद छोड़ दें, लेकिन उनके राजनीतिक प्रभाव को नजरअंदाज करना किसी भी दल के लिए जोखिम भरा होगा। भाजपा को यह समझना होगा कि बिहार में स्थिरता बनाए रखने के लिए नीतीश की भूमिका अभी समाप्त नहीं हुई है। उनकी सहमति और समर्थन के बिना कोई भी नया नेतृत्व अस्थिरता का शिकार हो सकता है। दूसरी ओर, विपक्ष भी इस बदलाव को अवसर के रूप में देख रहा है। राजद और अन्य दल इस स्थिति में राजनीतिक असंतोष को भुनाने की कोशिश करेंगे। यदि भाजपा नेतृत्व परिवर्तन में कोई चूक करती है, तो यह विपक्ष के लिए बड़ा मौका बन सकता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि बिहार एक नए राजनीतिक अध्याय के द्वार पर खड़ा है। नीतीश की केंद्र में संभावित एंट्री जहां राष्ट्रीय राजनीति को नया आयाम दे सकती है, वहीं, राज्य में नेतृत्व परिवर्तन कई नए समीकरणों को जन्म देगा। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार की राजनीतिक दिशा और दशा तय करने वाला क्षण है।

# माओवाद का खात्मा और पुनर्वास नीति



मुद्दा
उमेश चतुर्वेदी

2019 में केंद्रीय गृह मंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह ने तो खुलेआम नक्सलियों को चेतावनी देनी शुरू कर दी कि या तो वे हथियार डालें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने 31 मार्च 2026 तक माओवादी हिंसा से देश को मुक्त कर देने का ऐलान कर दिया था। जिस तरह हाल के दिनों में शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि भाजपा सरकार का देश से किया यह वादा पूरा होने जा रहा है। वैसे इसमें राज्य सरकारों द्वारा जारी पुनर्वास योजनाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। राज्य सरकारों ने नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने के लिए तत्काल डेढ़ लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी है।

कभी देश के एक तिहाई हिस्से पर अपनी समानांतर सरकार चलाने वाली माओवादी विचारधारा का क्या आज अंत हो जाएगा? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हो चुका है, क्योंकि नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली केंद्रीय सरकार ने आज ही के दिन को माओवादी आतंकवाद का आखिरी दिन घोषित कर रखा है। ठीक एक हफ्ते पहले यानी 25 मार्च को बस्तर के मुख्यालय जगदलपुर में शीर्ष माओवादी नेता पापा राव के नेतृत्व में 18 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया, तब कहा गया कि पापा राव आखिरी महत्वपूर्ण नक्सली कमांडर हैं और उन्होंने भी हथियार सौंप दिए हैं।

2014 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में माओवाद पर लगाम का वादा किया था। तब झीरम घाटी कांड की याद ताजा थी, जिसमें विद्याचरण शुक्ल समेत छत्तीसगढ़ कांग्रेस का तकरीबन समूचे शीर्ष नेतृत्व को माओवादियों ने घेरकर मार डाला था। वैसे तो नक्सली खुद भी मानते रहे हैं कि उनके लिए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में खास अंतर नहीं रहा। अलबत्ता कांग्रेस की सरकार उस स्तर तक माओवादी हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाने से बचती रही हैं, जिस तरह के कदम बीजेपी की अगुआई वाली सरकारें उठाती रही हैं।

बस्तर में छह अप्रैल 2010 को बारूदी सुरंगों के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 76 जवानों को उड़ाने के बाद नक्सलियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी गुस्सा था। मनमोहन सिंह की अगुआई वाली तत्कालीन केंद्र सरकार माओवादियों के खिलाफ सैनिक कार्रवाई का मन बना चुकी थी, लेकिन माओवादी विचारधारा वाली सिविल सोसायटी के दबाव में यह विचार उसने त्याग दिया था, लेकिन बीजेपी ने माओवादियों के लिए कोई रियायत नहीं बरती। 2019 में केंद्रीय गृहमंत्रालय की कमान संभालने के बाद अमित शाह तो खुलेआम नक्सलियों को चेतावनी देनी शुरू कर दी कि या तो वे हथियार डालें या फिर गोली खाने के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने 31 मार्च 2026 तक माओवादी हिंसा से देश को मुक्त कर देने का ऐलान कर दिया था। जिस तरह हाल के दिनों में शीर्ष नक्सली कमांडर या तो मारे गए हैं या फिर उन्होंने हथियार डाले हैं, उससे लगता है कि बीजेपी सरकार का देश से किया यह वादा पूरा होने जा रहा है। वैसे इसमें राज्य सरकारों द्वारा जारी पुनर्वास योजनाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ सरकार का विशेष तौर पर उल्लेख किया जाना चाहिए। माओवादी विचारधारा के प्रभाव आकर घर-परिवार, सुख-चैन छोड़कर जंगलों की खाक छानने और मौजूदा सत्ता से जूझने वाले माओवादी युवाओं को मुख्यधारा में लाने में सिर्फ केंद्रीय सुरक्षा बलों की गोलियों ने ही भूमिका नहीं निभाई है, बल्कि राज्यों की पुनर्वासय योजनाओं का भी बड़ा योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 2025-26 की अपनी पुनर्वास नीति में हिंसा छोड़ने वाले नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई कदम उठाए, जिनमें उसका 'पूना मारगेम' अभियान प्रमुख रहा। इन दोनों शब्दों का अर्थ है 'नया रास्ता'। इसके तहत दंडकारण्य क्षेत्र के सैकड़ों माओवादी कैडरों को मुख्यधारा में वापस लाने की सफल कोशिश हुई। इस योजना के तहत नक्सलियों की वापसी के बाद उन्हें नई जिंदगी शुरू करने क के लिए तत्काल डेढ़ लाख रुपये तक की आर्थिक



सहायता दी गई, साथ ही उन्हें तीन साल के लिए मासिक वजीफा और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना शुरू हुआ। इसका मकसद यह रहा कि हथियार छोड़ने के बाद मुख्यधारा में लौटे माओवादी आत्मनिर्भर जिंदगी बीता सकें। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने हथियार सौंपने वाले माओवादियों को अलग से प्रोत्साहन राशि देने की भी व्यवस्था की। इससे राज्य में माओवादियों के समर्पण में तेजी आई। हथियार छोड़ने वाले माओवादियों के बच्चों की शिक्षा का इंतजाम किया गया, इसके साथ ही उन्हें सुरक्षित आवास भी मुहैया कराए गए। इसके साथ ही उन्हें वापसी के बाद भयमुक्त जीवन गुजारने के लिए परिवार की सुरक्षा की गारंटी भी दी गई। ये योजनाएं अभी खत्म नहीं हुई हैं और जारी भी हैं। कभी माओवादियों के डर से बस्तर में सड़कें तक बनाना संभव नहीं था, बिजली पहुंचाना भी कठिन था, लेकिन केंद्र सरकार की शह पर राज्य सरकार ने बस्तर जैसे हिंसा प्रभावित क्षेत्र में भी सड़क, स्कूल और अस्पतालों का निर्माण कराने में तेजी दिखाई। बस्तर के कुछ इलाके में रेलवे लाइन भी पहुंच गई है। अब इस इलाके में सड़कें भी बेहतर हो गई हैं। इन कदमों से माओवादी प्रभाव में रहने वाले इलाकों में भरोसा बहाली में मदद मिली। सरकारी योजनाओं के साथ ही सरकार के प्रति भी लोगों का रवैया बदला।

इसका असर साफ नजर आया। छत्तीसगढ़ में पिछले 26 महीनों में 2,700 से अधिक माओवादियों ने सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण किया है। सिर्फ मार्च 2026 में जगदलपुर में 108 माओवादियों ने समर्पण किया। इसके पहले 210 ने किया था। अक्टूबर 2025 में भी170 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। इसे राज्य में नक्सलविरोधी सुरक्षा अभियान और पुनर्वास कार्यक्रम की मिलीजुली सफलता के रूप में देखा जाना चाहिए। माओवादी अगर मुख्यधारा में लौटे तो इसकी एक मात्र वजह सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति और केंद्र सरकार के ₹विश्वास, विकास और सुरक्षा₹ के त्रिकोणीय मॉडल की कामयाबी रही। छत्तीसगढ़ सरकार अब इससे भी आगे बढ़ गई है और पुनर्वास से पुनर्जीवन की नीति पर आगे बढ़ रहा है। कभी पशुपति से तिरुपति यानी नेपाल से आंध्र तक का जंगली इलाका लाल गलियारे के रूप में विख्यात था। यहां सुरक्षा बलों के लिए भी घुसना आसान नहीं था। इन इलाकों में देश के तकरीबन एक तिहाई जिले आते थे। इन जिलों में माओवादी वैचारिकी के असर वाले हथियारबंद दस्तों की सत्ता चलती थी। माओवादी स्कूलों, रेलवे लाइनों, पुलिस थानों, डाकघरों को निशाना बनाते थे। चूंकि विकास की धारा इन इलाकों में माओवादी हथियारबंद दस्तों के अवरोध के चलते बह नहीं पा रही थी, इस लिए अविश्वास का माहौल बढ़ता रहा। लेकिन मोदी सरकार ने सत्ता संभालते ही एक तरफ माओवादियों को उन्हीं की तर्ज में गोली का जवाब गोली से देना शुरू किया, वहीं दूसरी तरफ उनके पुनर्वास के साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की धारा को भी बहाने की कोशिश तेज की। माओवादी कहते रहे हैं कि सत्ता की राह बंदूक की गोली से निकलती है, बारूद से निकलती है, मोदी सरकार ने कुछ उसी अंदाज में माओवादी सत्ता की राह बंदूक और बारूद से रोका, लेकिन दूसरी तरफ पुनर्वास अभियान भी जारी रखा। वैसे यह भी सच है कि विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं, एक विचारधारा के रूप में वह माओवाद भी जिंदा रह सकता है। लेकिन अब उसके उस तरह प्रतिबद्ध अनुयायी नहीं होंगे, उनकी गोलियों की आवाज और धमक भी नहीं होगी। अगर यह विचारधारा लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़े तो शायद ही किसी को एतराज होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि अगर यह विचारधारा जिंदा भी बचती है तो वह लोकतांत्रिक ढंग से आगे बढ़ेगी, हथियारों के दम पर नहीं।

(लेखक प्रसिद्ध लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## ईंधन संकट

अखिलेश आर्येन्दु



# रूस का खामोश खेल और भारत में तेल-गैस की चुनौती

रूस ने 1 अप्रैल से चार महीने के लिए पेट्रोल (गैसोलीन) के निर्यात को स्थगित करने की घोषणा की है। इस घोषणा के पीछे रूस ने अपने घेरलू बाजार में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और वैश्विक बाजार में तेल की बढ़ रही कीमतों को नियंत्रित करने के बाबत उठाया गया कदम बताया है। रूस की इस घोषणा से दुनियाभर में तेल की कीमतों में हलचल देखा जा रहा है। रूस रोज़ाना 1,20,000 से 1,70,000 बैरल तेल निर्यात करता है। इससे उसको रोजाना करोड़ों डालर की आमदनी होती है। ब्राजील, चीन, तुर्की, सिंगापुर और अफ्रीका उसके मुख्य तेल के खरीददार हैं। भारत भी बहुत बड़े पैमाने पर रूस से तेल खरीदता है, लेकिन वह तेल कच्चा होता है। रूस से जो तेल भारत को अभी तक मिलता रहा है वह अन्य देशों से खरीदे गए तेलों से सस्ता और बेहतर है। इसलिए कहा जा रहा है कि जब रूस तेल निर्यात करना बंद कर देगा तो, भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए सस्ते दामों पर खरीदने का कार्य किन देशों से करेगा? यह भी कहा जा रहा है कि रूस दुनिया के दूसरे देशों को तेल देना भले बंद कर देगा, लेकिन भारत को कच्चा तेल देना बंद नहीं करेगा। सवाल यह किया जा रहा है कि रूस तेल के मामले में इस तरह का कदम क्यों उठाने जा रहा है? इसके पीछे उसका कोई बड़ा मकसद हासिल करना है या दुनिया को यह एहसास कराना है कि महाशक्ति रूस है, अमेरिका नहीं, जिसके पास तेल रूपी हथियार की वह ताकत है जो अमेरिका के पास नहीं है। सामरिक जानकारी रखने वालों का कहना है कि तेल निर्यात बंद करने की घोषणा के पीछे रूस का वह खामोश खेल है जो वह चुपचाप खेल रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि रूस दुनिया की तेल के बाजारों में तेल की कीमतों को उस ऊंचाई तक ले जाना चाहेगा जिससे उसे बहुत बड़ी धनराशि कुछ ही दिन में मिल जाएगी। दूसरी बात। रूस की इस नई घोषणा से तेल के लिए निर्भर देश उससे इस घोषणा को वापस लेने का दबाव बना सकते हैं, जिसके जवाब में रूस अपनी नई नीति और योजना का खुलासा उपयुक्त अवसर पर कर सकता है। इस वक्त दुनिया के तेल बाजार में उतार-चढ़ाव की हलचल देखी जा रही है। अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध होते 20 दिन गुजर चुके हैं। अमेरिका ने एक सप्ताह पहले भारत सहित दुनियाभर के उन देशों से निवेदन किया था कि रूस से तेल खरीदने वाले सभी देश वहां से ज्यादा से ज्यादा तेल खरीदें, जिससे दुनिया में तेल को लेकर कोई संकट न खड़ा हो। लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान द्वारा तेल जहाजों की नाकेबंदी ने अमेरिका की इस अपील को मूर्तरूप नहीं दिया जा सका। यहां तक कि चीन के तेल टंकरों को ईरान (होर्मुज) गुजरने की अनुमति नहीं दे रहा है।

रूस की खामोशी इस तरह की है जैसे बरात बिदा हो जाने के अगले दिन होती है। वह ईरान को मदद इस तरह से कर रहा है जो न तो पूरी तरह परोक्ष है और न तो पूरी तरह अपरोक्ष ही है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने खुलकर यूक्रेन का साथ दिया और अपने मित्र देशों से दिलवाया भी, लेकिन रूस की नीति इस मामले में एकदम अलग तरह की है। वह ईरान को नैतिक मदद दे रहा है साथ ही, तेल के मामले में ईरान को होर्मुज में नाकेबंदी कर आमदनी बढ़ाने की सलाह गुपचुप दे रहा है।

भारत में धीरे-धीरे ही सही गैस और तेल संकट का आगाज दिखाई देने लगा है। केंद्र सरकार लगातार गैस और तेल की किल्लत से इनकार जरूर कर रही है, लेकिन दिल्ली से बाहर गैस संकट साफ दिखाई देने लगा है। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते से गैस और तेल के जहाज भारत पहुंच तो रहे हैं, लेकिन उतने नहीं, जितने की जरूरत है। दूसरी बात। देशभर में जमाखोरों के पौ-बारह होते दिखाई दे रहे हैं। यह भ्रष्टाचार, चोरबाजारी और कालाबाजारी की वजह से आया हुआ संकट है, जिसे तेल आयात करके नहीं, बल्कि पुलिस प्रशासन और खुफिया-तंत्र को सक्रिय और जागरूक करके कम किया जा सकता है। गैस और तेल की पूर्ति के लिए आत्मनिर्भर होने की कावयद वर्षों से होती रही है, लेकिन सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, गैस गोबर और कचरे व अन्य चीजों से बनाई तेल व गैस की पूर्ति नहीं हो पाई है। भारत के सामने जैसी चुनौती है उससे कहीं ज्यादा चुनौती भारत के पड़ोसी देशों में देखी जा रही है। फिर भी परेशानी से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है। केंद्र सरकार पूरी तरह मुस्तैदी से इस संकट को दूर करने में अपना उच्चतम प्रयास कर रही है, जिसमें सफलता भी मिल रही है, लेकिन देश के हर व्यक्ति को इस नए संकट से पैदा होने वाली परेशानियों और चुनौतियों को मिलकर हल करना होगा, जो धैर्य के साथ हो सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।


## गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। माँ ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगो तुम क्या माँगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर माँगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अपने ऊपर नियंत्रण रखना सिखाती है शिक्षा

मनुष्य के जीवन में शिक्षा का महत्व अत्यंत गहरा माना गया है, परंतु केवल पुस्तकीय ज्ञान या डिग्रियों का संग्रह ही किसी को शिक्षित नहीं बनाता। वास्तविक शिक्षा वह है जो व्यक्ति को अपने ऊपर नियंत्रण रखना सिखाए। यदि कोई व्यक्ति हर परिस्थिति में स्वयं को संयमित रख सकता है तो वही सच्चे अर्थों में शिक्षित कहलाने योग्य है। इसके विपरीत यदि मन में उठने वाली उत्तेजनाओं और आवेगों पर नियंत्रण नहीं है तो ऐसी शिक्षा का कोई वास्तविक मूल्य नहीं रह जाता। जीवन में महान कार्यों की प्राप्ति तभी संभव है जब व्यक्ति स्वयं का स्वामी बने और अपने विचारों तथा भावनाओं को दिशा देने में सक्षम हो। इतिहास इस सत्य का साक्षी रहा है कि आत्मसंयम के अभाव में असंख्य लोगों का जीवन नष्ट हुआ है। अनेक प्रतिभाशाली व्यक्ति अपनी ही कमजोरियों के कारण सब कुछ खो बैठे।

*– शरद ताम्रकार, दुर्ग*

## ट्रेंड

### आदिवासियों को अंधेरे में रखा



जो लोग पूरी व्यवस्था को नकार कर हथियार उठा लेते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। सालों से आदिवासियों को अंधेरे में रखा गया। वामपंथियों ने अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए आदिवासियों को बहकाया। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### जीएसवी में बने उत्कृष्टता केंद्र



विनिर्माण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिभाओं के विकास के लिए गतिशक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) में एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाना चाहिए। विमानन, रेलवे, समुद्री, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि जैसे क्षेत्रों के लिए विनिर्माण प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण में उच्च स्तर की सटीकता और प्रयास की जरूरत होती है। **-अश्विनी वैष्णव,** रेल मंत्री

### देश को बांट रही भाजपा



भाजपा समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा भड़का रही है। चुनाव के बाद गैस और कैश देना बंद कर देगी। भाजपा देश लूटना चाहती है। लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता भाजपा को कड़ा सबक सिखाएगी। भाजपा ने हमेशा धर्म के नाम पर देश को बांटने का प्रयास किया है। **-ममता बनर्जी,** सीएम, बंगाल

### सबको पता है सच




केरल की जनता जमीनी सच्चाई अच्छी तरह जानती। किसी भी बयान से हकीकत नहीं बदलेगी। पूरा केरल जानता है कि असली गठबंधन किसके बीच है। प्रधानमंत्री कुछ भी कहें, सच सबको पता है। भाजपा कभी भी देश का विकास नहीं कर सकती। **-प्रियंका गांधी,** कांग्रेस सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# इजराइल की संसद ने बजट किया पारित



इजराइल की संसद ने सोमवार को रातभर चले एक मैराथन सत्र में वार्षिक बजट पारित कर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी। इजराइल को समय पूर्व चुनाव से बचने के लिए एक अप्रैल से पहले बजट पारित करना आवश्यक था। नेतन्याहू के पास अब भी यह अधिकार सुरक्षित है कि यदि वह चाहें तो समय से पहले चुनाव करा सकते हैं। इजराइल के विपक्षी दल ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अति-रूढ़िवादी समुदायों को मिलने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है, जबकि देश ईरान में युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई का सामना कर रहा है और गाजा में दो साल से जारी युद्ध से अभी तक उबर नहीं पाया है। नेता प्रतिपक्ष यायर लैपिड ने इसे 'देश के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी' बताया। आगामी चुनावों में नेतन्याहू को चुनौती देने की उम्मीद रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने लिखा, 'लालच और छल की सरकार ने रात में डकैती की है।' विपक्षी दल अंतिम समय में किए गए उस संशोधन से विशेष रूप से नाराज थे, जिसमें अति-रूढ़िवादी स्कूलों को अतिरिक्त 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रदान किए गए थे।

## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के होते हैं कई फायदे



धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।


MARUTI SUZUKI
NEXA
EXPERIENCE A NEW DAWN OF ELECTRIC MOBILITY.
Redefine your boundaries with Maruti Suzuki's First Electric SUV, the e VITARA.
Turn long drives into epic journeys, backed by India's Largest Fast Charging Network.
Designed to offer everything you expect from an SUV, and everything you didn't expect from an EV.
e VITARA
India goes electric
Introductory BaaS price
₹10.99 LAKH* + Battery EMI @ ₹3.99/km
e VITARA
INDIA'S LARGEST* FAST-CHARGING NETWORK
543km RANGE
543 km RANGE*
BHARAT NCAP
5 STAR SAFETY RATING BNCAP*
NEXA edge
60% ASSURED BUYBACK AFTER 3 YEARS
COMPLIMENTARY HOME CHARGER & INSTALLATION WORTH ₹ 50 000
8 YEARS WARRANTY
• BATTERY: 8 YEARS
• VEHICLE: 3+5(PAID) YEARS
COMPLIMENTARY CHARGING FOR 1 YEAR
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
*₹ 10.99 lakh for e VITARA Delta. Battery EMI: ₹ 3.99/km (subject to financier terms). Taxes and statutory charges are extra. Visit dealership for full T&Cs. | *As certified by Kantar IMRB for an OEM platform for end-to-end usage as on November 28, 2025. | *543 km range: Certified range; actual results may vary by driving conditions and usage. | *ADAS features are for driver assistance only. Driver is responsible for safe and attentive driving. | *Always wear your seatbelt. | *Mentioned ownership plan is for e VITARA Delta variant. Calculation is done assuming vehicle is running 60 km per day, excluding charging cost. Valid on retail sales for the e VITARA till 31st March '26, capped at 1 000 units of electricity (kWh) per customer or 1 Year from the purchase of the vehicle, whichever is earlier. Assured buyback plan is available on payment basis with the option of 3 years/45 000 km or 4 years/60 000 km ownership plans (whichever is earlier). The program is offered through an Insurance company. e VITARA comes with standard warranty of 3 years/1 00 000 km with an option of extending the same on payment basis to 5 years/1 40 000 km and service activated coverage for 6th to 8th year for EV related components.

अडूर में कांग्रेस की चुनावी सभा में राहुल गांधी ने साधा निशाना

# 'मोदी सबरीमाला मामले पर रहते हैं मौन भाजपा, एलडीएफ हैं आपस में मिले हुए'

एजेंसी ▶▶| पत्तनमथिट्टा (केरल)

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि वह केरल दौरे के दौरान शबरिमला मुद्दे पर चुप रहे, जो साफ संकेत है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) साथ काम कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने अडूर में कांग्रेस की चुनावी सभा में कहा, प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, मंदिरों और धर्म के बारे में बात करते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'लेकिन वह पलक्कड़ यात्रा के दौरान सबरीमाला में हुई घटना को भूल गए।' उन्होंने कहा, 'वह भूल गए हैं कि वाम मोर्चा के नेताओं ने अयप्पा मंदिर से चोरी की थी। वह भूल गए हैं कि वाम मोर्चा के नेताओं ने अयप्पा मंदिर का सोना चुराकर उसकी जगह पीतल रख दिया था।'

## केरल में 9 अप्रैल को होने हैं मतदान

### भाजपा-माकपा गठजोड़

राहुल ने कहा कि नौ अप्रैल को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भाजपा के 'गठजोड़' से मुकाबला करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'हम एलडीएफ के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जिसे भाजपा का पूरा समर्थन प्राप्त है। एक तरफ संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) है और दूसरी तरफ माकपा-भाजपा का गठजोड़ है।'




### भ्रष्ट एलडीएफ नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जो लोग भाजपा का विरोध करते हैं, उन पर भाजपा द्वारा हमला किया जाता है और उन्हें धमकाया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया, 'मेरे खिलाफ 36 मामले दर्ज किए गए हैं और मुझसे लगातार 55 घंटे तक पूछताछ की गई है। लेकिन केरल के मुख्यमंत्री या एलडीएफ नेताओं के खिलाफ ऐसी कोई कार्रवाई नहीं हुई।' गांधी ने कहा, 'सब जानते हैं कि एलडीएफ नेतृत्व भ्रष्ट है।

### कांग्रेस का सॉफ्ट हिंदुत्व भाजपा को दे रहा लाभ : सीएम विजयन



केरल में एलडीएफ यानी लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट, पिछले दस साल से सत्ता में है। मुख्यमंत्री पी. विजयन इस बार चुनावी मैदान में पूरी तैयारी के साथ हैं। चुनाव प्रचार से लेकर क्रिटिक्स के सवालों का जवाब देने में विजयन भलीभांति सक्रिय हैं। उनकी चुनौती सीधी कांग्रेस के नेतृत्व वाले **UDF**, यानी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट, से है। विजयन का कहना है कि कांग्रेस के सॉफ्ट हिंदुत्व के रुख के कारण उनका वोट बैंक धीरे-धीरे भाजपा की ओर खिसक रहा है। विजयन ने स्पष्ट किया कि हाल के चुनावों में कांग्रेस के कोर वोटर्स की संख्या में कमी आ रही है, जो कि स्पष्ट रूप से भाजपा की ओर बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के आरोपों का भी जवाब दिया कि उनके और प्रधानमंत्री मोदी के बीच नजदीकी रिश्ते हैं। विजयन ने कहा, 'यह एक राजनीतिक आरोप है जो पूरी तरह निराधार है। प्रधानमंत्री से मेरा केवल संवैधानिक और आधिकारिक संबंध है।' इस संबंध में उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों के खिलाफ वामपंथ मजबूती से खड़ा है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# कांग्रेस ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश में प्रवेश की अनुमति दी : नितिन

## असम में भाजपा अध्यक्ष ने साधा कांग्रेस पार्टी पर निशाना

एजेंसी ▶▶| जागीरोड (असम)



भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि जब वह सत्ता में थी, तब उसने असम में अवैध रूप से बांग्लादेशियों को राज्य में दाखिल होने में मदद की। उन्होंने दावा किया कि असम की सत्ता में आने के बाद भाजपा ने बांग्लादेशियों की घुसपैठ पर लगाम लगाई। नवीन ने मोरीगांव जिले में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्हें भेंट किए जाने पर असमी संस्कृति के प्रतीक पारंपरिक 'गमोसा' को नहीं पहना, जिससे राज्य के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची। उन्होंने आरोप लगाया, 'लेकिन वह (गांधी) नियमित रूप से मस्जिदों में जाते हैं और खुशी-खुशी नमाजी टोपी पहनते हैं।' भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कांग्रेस पर घुसपैठियों का समर्थन करने का आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'लोगों को उससे पहले की स्थिति को याद रखना चाहिए। उग्रवाद, हिंसा, निवेशकों के पलायन और युवाओं के टूटे सपने चर्चा का मुख्य विषय थे। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।' असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए नौ अप्रैल को मतदान होगा, जबकि परिणाम चार मई को घोषित किए जाएंगे।

### अपना संकल्प पत्र जारी करने की तैयारी में बीजेपी

असम विधान सभा चुनाव को लेकर बीजेपी अपना संकल्प पत्र जारी करने की तैयारी में है, जिसमें विकास और सांस्कृतिक पहचान के बीच संतुलन साधने की रणनीति साफ नजर आएगी। संकल्प पत्र युवाओं, रोजगार, शिक्षा और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर केंद्रित रहने वाला है। रोजगार के मोर्चे पर पार्टी बड़ा दांव खेलने जा रही है। संकल्प पत्र में 2 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां देने का वादा शामिल किए जाने की तैयारी है। इसके साथ ही, 10 लाख शिक्षित युवाओं को उद्यमिता के लिए 2 लाख से 5 लाख तक की आर्थिक सहायता देने की योजना भी प्रस्तावित है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिल सके। भूमि और सांस्कृतिक संरक्षण को लेकर रुख सख्त रहने के संकेत हैं। वन और स्वदेशी जमीनों को वापस लेने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान को जारी रखने का संकल्प पत्र में उल्लेख किया जा सकता है।

# बीजेपी ने आयोग से की ममता की शिकायत

## बंगाल चुनाव : बयानों को बताया आपत्तिजनक

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार जारी है। बीजेपी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुनाव आयोग से शिकायत की है। बीजेपी ने सोमवार को चुनाव आयोग से अपील की कि वह टीएमसी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चुनाव प्रचार करने से रोक दे। भाजपा ने उन पर पश्चिम बंगाल में लागू आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग को सौंपे गए एक ज्ञापन में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किरण रिजिजू सहित बीजेपी के राष्ट्रीय नेतृत्व के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने पश्चिम बंगाल में आदर्श आचार संहिता, चुनावी कानूनों और आपराधिक कानूनों का दुर्भावनापूर्ण और बार-बार उल्लंघन होने का हवाला दिया। बीजेपी ने बनर्जी और टीएमसी नेताओं द्वारा कथित तौर पर किए गए उल्लंघन के उदाहरण भी पेश किए। बीजेपी ने कहा, '25 मार्च 2026 को, उत्तरी बंगाल के मैनागुड़ी में एक जनसभा के दौरान,



मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर यह बयान दिया कि चुनाव के बाद नागरिकों को अपने घरों के बाहर ऐसे पोस्टर लगाने के लिए मजबूर किया जाएगा, जिन पर लिखा होगा, 'मैं भाजपा का समर्थन नहीं करता।' इस तरह की टिप्पणियां राजनीतिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मतदाताओं की स्वायत्तता के लिए एक सीधा खतरा हैं।

### महुआ पर भी लगाया आरोप

बीजेपी ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर भी आरोप लगाया कि 28 मार्च को कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने एक भाषाई समूह या समुदाय को दूसरे के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश की। पार्टी ने इसे भारत के नागरिकों का क्षेत्र, भाषा और समुदाय के आधार पर स्पष्ट रूप से अपमान और अवहेलना बताया। बीजेपी ने कहा कि इसका एकमात्र और दुर्भावनापूर्ण इरादा पहले से ही तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल में फूट डालना था।

तमिलनाडु

# टीवीके प्रमुख का चुनाव प्रचार शुरू, डीएमके पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अभिनेता से नेता बने तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय ने चेन्नई के पेरम्बूर विधानसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। एक्टर विजय ने नामांकन दाखिल करने के बाद अपना चुनावी अभियान शुरू किया। उन्होंने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में अपराध और नशे की समस्या बढ़ रही है और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के कारण लोग खासकर महिलाएं और बच्चे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। विजय ने कहा कि पांच साल तक पुलिस विभाग का नियंत्रण स्टालिन सर के हाथों में था। अगर बुनियादी सुरक्षा भी सुनिश्चित नहीं की जा सकती तो इस सरकार और प्रशासन का क्या मतलब है? उन्होंने कहा कि स्टालिन सर को सुरक्षा या लोगों के कल्याण की कोई परवाह नहीं है। उनके और डीएमके के लिए पिछले पांच सालों में अपने परिवारों के लिए लूट-खसोट करना ही एकमात्र प्राथमिकता रही है।

- स्टालिन सरकार को सुरक्षा या लोगों के कल्याण की कोई परवाह नहीं है




### स्टालिन ने कोलाथुर से भरा नामांकन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने चेन्नई के कोलाथुर विधानसभा क्षेत्र से 13 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।



नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद स्टालिन ने विश्वास जताया कि कोलाथुर क्षेत्र की जनता उन्हें लगातार चौथी बार शानदार जीत दिलाएगी। स्टालिन 2011, 2016 और 2021 के विधानसभा चुनावों में कोलाथुर निर्वाचन क्षेत्र से विजयी रहे हैं। नामांकन के तुरंत बाद रोड शो किया और लोगों का अभिवादन कर समर्थन मांगा। इस दौरान द्रमुक अध्यक्ष ने कोलाथुर क्षेत्र में अपने कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया।



### दक्षिण प्रशांत महासागर में 7.3 तीव्रता का भूकंप

**वेलिंगटन।** दक्षिण प्रशांत महासागर में वानुअतु के द्वीपों पर सोमवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए. रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 7.3 मापी गई. जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने इसकी जानकारी दी. अमेरिका के सुनामी वॉर्निंग सेंटर ने बताया कि इस भूकंप से अभी सुनामी का कोई खतरा नहीं है. इस भूकंप का केंद्र जमीन से लगभग 130 किलोमीटर की गहराई पर बताया जा रहा है. वानुअतु में भूकंप अक्सर आते रहते हैं, और कभी-कभी इनके साथ सुनामी भी आती है. हालांकि, ये भूकंप ज्यादातर समय विनाशकारी नहीं होते. वानुअतु द्वीप समूह को पहले न्यू हेब्राइड्स के नाम से जाना जाता था. यह दक्षिणी पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित है।

# भारतीय राजदूत और कुवैत एयरवेज के चेयरमैन के बीच अहम बैठक

भारत की कुवैत एयरवेज की उड़ानों को फिर से शुरू करने की अपील



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुवैत में मौजूदा क्षेत्रीय सुरक्षा हालात के बीच भारत की राजदूत परमिता त्रिपाठी ने कुवैत एयरवेज के चेयरमैन कैप्टन अब्दुलमोहसेन एस अलफगान से मुलाकात कर उड़ानों के पुनः संचालन और भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर अहम चर्चा की।

- भारत-कुवैत हवाई संपर्क पर जोर, वीजा विस्तार में देंगे राहत

कुवैत में भारत की नामित राजदूत परमिता त्रिपाठी ने कुवैत एयरवेज के चेयरमैन कैप्टन अब्दुलमोहसेन एस अलफगान से मुलाकात की। यह मुलाकात मौजूदा क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति और कुवैत के हवाई क्षेत्र के लगातार बंद रहने के मद्देनजर एयरलाइन कंपनियों के साथ चल रहे समन्वय का हिस्सा थी।

### मंत्री और भारतीय राजदूत के बीच वार्ता

कतर की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री से भारत के राजदूत ने मुलाकात की। भारतीय राजदूत ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री मरियम बिन्त अली बिन नासिर अल मिसनाद से मुलाकात किया। बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं और क्षेत्रीय स्थिति में गिरावट के लिए बातचीत और कूटनीति की आवश्यकता पर चर्चा की गई। राजदूत ने भारतीय समुदाय के समर्थन के लिए मंत्री को भी धन्यवाद दिया। बैठक के दौरान चर्चा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ साझा चिंता के विभिन्न मुद्दों पर केंद्रित रही। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री ने बैठक के दौरान, किसी भी बढ़ती कार्रवाई को तत्काल रोकने और बातचीत की मेज पर लौटने के साथ-साथ तनाव को नियंत्रित करने के लिए काम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के महत्व को रेखांकित किया।

# पाकिस्तानी आतंकवाद पर आंखें मूंद रहा अमेरिका, इससे भारत में 'नाराजगी'

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

एक अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका द्वारा पाकिस्तानी आतंकवाद को लेकर भारत की चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और इसे लेकर भारत में निराशा है। 'सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी' द्वारा जारी एक पॉलिसी पेपर में चेतावनी दी गई है कि प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग के बावजूद वॉशिंगटन और नई दिल्ली के बीच गहरा रणनीतिक अविश्वास अब भी संबंधों पर असर डाल रहा है। 'रिपेयरिंग द ब्रीचः गेटिंग यूएस-इंडिया टाइज बैक ऑन ट्रैक' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में दोनों देशों के संबंधों में पैदा हुआ तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और संबंधों को सुधारने में समय लगेगा। लिसा कर्टिस, कीर्ति मार्टिन और सितारा गुप्ता द्वारा लिखित इस रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में भारत-अमेरिका संबंध गंभीर रूप से डगमगा गए थे। इसके पीछे भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर मतभेद और भारतीय सामान पर अमेरिका द्वारा लगाया गया भारी-भरकम टैरिफ जैसे मुद्दे शामिल थे।

- अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा

### विश्वास बहाली के प्रयास जरूरी

रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2026 में अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति बनने से दोनों देशों के संबंध फिर से पटरी पर लाने की कोशिश की गई है, लेकिन विश्वास बहाली के लिए लगातार प्रयास करने जरूरी होंगे। भारत और अमेरिका के आर्थिक, रक्षा और प्रौद्योगिकी संबंध भले ही मजबूत बने हुए हैं, लेकिन पाकिस्तान और आतंकवाद को लेकर मतभेद अभी भी मूलभूत बने हुए हैं। अमेरिका को कश्मीर पर नई दिल्ली की रेड लाइंस का सम्मान करना चाहिए और तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से बचना चाहिए। नई दिल्ली, पाकिस्तान से संचालित होने वाले आतंकवाद पर अमेरिका द्वारा ध्यान न दिए जाने से निराश है। कश्मीर मुद्दे पर किसी भी बाहरी हस्तक्षेप के प्रति भारत के लंबे समय से चले आ रहे विरोध को भी फोकस किया गया है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

UADD Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /856/न.पा.प./ लो.क.वि./2025-26 — अहिवारा दिनांक 25.03.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | अनु. लागत लाख में | निविदा आनलाईन करने की प्रारंभिक / अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Palika Parishad, Ahiwara under SBM 2.0 (4th call) | 187935 | 437.06 Lakh | Bid Start Date- 25.03.2026, 17.00 PM<br>Bid Due Date - 10.04.2026, 17.00 PM<br>Physical FDR & Affidavit Submission End Date - 16.04.2026, 16.00 PM<br>Bid open Date (Suheduled) - 16.04.2026, 17.00 PM<br>Prebid Meeting (Online) Meeting Link:meet.google.com/ayj-gpfb-inp<br>Date- 30.03.2026, 12.00 pm to 12.30pm |

विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईड http://eproc.cgstate.gov.in से डॉउनलोड / देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा

**न्यायालय तहसीलदार लखनपुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**


**ज्ञापन**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि लखनपुर उपसंभाग के अधीन ग्राम लखनपुर/केंवरा तहसील लखनपुर जिला-सरगुजा में भवन निर्माण, भण्डार कक्ष, तथा अधिकारी एवं कर्मचारी के निवास का निर्माण हेतु 01 हेक्टेयर शासकीय भूमि को आबंटन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति पेश करना हो तो वह दिनांक 06.04.2026 से पूर्व तक स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
लखनपुर

## शब्द पहेली - 6181



**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

### शब्द पहेली- 6180 का हल



## सूडोकु नवताल - 6191

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6190 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## खबर संक्षेप

### नोएडा हवाई अड्डे को मिली नियामकीय मंजूरी




**नई दिल्ली।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सभी नियामक स्वीकृतियां मिलने के बाद अब वाणिज्यिक संचालन शुरू करने को पूरी तरह तैयार है। टाटा प्रोजेक्ट्स ने सोमवार को यह जानकारी दी। हवाई अड्डे का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है जिसमें इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण का काम टाटा प्रोजेक्ट्स ने किया।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया कीमतें बढाएगी




**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया कच्चे माल की बढ़ती लागत के असर को आंशिक रूप से कम करने के लिए एक अप्रैल, 2026 से अपने कुछ मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। कीमत वृद्धि उसके मुख्य खंड के मॉडल पर लागू होगी और एमजी सिलेक्ट चैनल के माध्यम से बेचे जाने वाले प्रीमियम इलेक्ट्रिक वाहनों एमजी एम9 और साइबरस्टर पर लागू नहीं होगी।

### इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना के 29 प्रस्तावों को मंजूरी



**नई दिल्ली।** सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना के तहत 29 नए प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिनमें कुल 7,104 करोड़ रुपये का निवेश अनुमानित है। सोमवार को यह जानकारी दी। सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने बताया कि इन नए निवेश प्रस्तावों से इस क्षेत्र में लगभग 14,246 नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।

### पायनियर फिल का आईपीओ लाने दस्तावेज जमा



**नई दिल्ली।** रेल कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी पायनियर फिल-मेड लिमिटेड ने आईपीओ के माध्यम से 500 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेजों का मसौदा जमा कराया है। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित निर्गम में 250 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें 250 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल होगी।

### रीट 'प्रॉपशेयर सेलेस्टिया' का आईपीओ 10 अप्रैल को खुलेगा




**नई दिल्ली।** देश के पहले पंजीकृत लघु और मझोले रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट , प्रॉपर्टी शेयर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ने सोमवार को घोषणा की कि 'प्रॉपशेयर सेलेस्टिया' का 244.65 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 अप्रैल को खुलेगा। एसएम रीट एक ऐसा निवेश माध्यम है जो छोटे और मध्यम स्तर के निवेशकों को बड़े व्यावसायिक भवनों या संपत्तियों में हिस्सेदारी खरीदने और उससे किराया कमाने का मौका देता है।

### फ्लिपकार्ट ने स्मिता, अमित शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने सोमवार को घोषणा की कि उसने स्मिता ओझा को इंजीनियरिंग का उपाध्यक्ष और अमित शर्मा को कार्यक्रम प्रबंधन का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। फ्लिपकार्ट ने बयान में कहा कि इन नियुक्तियों का मकसद कंपनी की मुख्य प्रौद्योगिकी को बढ़ाना और लंबे समय तक 'मूल्य' बनाना है। ओझा फ्लिपकार्ट के वनटेक संगठन के तहत सेंट्रल प्लेटफॉर्म्स ग्रुप (सीपीजी) की अगुवाई करेंगी। उनके पास दो दशक से ज़्यादा का अनुभव है और वह माइंडटिकल से आई हैं।

# विनफास्ट भारत में इलेक्ट्रिक कारों के बाद अब लॉन्च करने जा रही सस्ते स्कूटर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बढ़ती मांग को देखते हुए कई नई कंपनियां एक के बाद एक नई लांचिंग कर रही हैं। इसी कड़ी में विनफास्ट ने भी भारत में अपनी शुरुआत कर दी है। फिलहाल कंपनी दो इलेक्ट्रिक कारें बेच रही है, लेकिन आने वाले समय में विनफास्ट अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने की तैयारी में है। विनफास्ट अब सिर्फ कारों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि आने वाले समय में भारत में अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर्स भी लांच करने की योजना बना रही है। कंपनी अपने ग्लोबल पोर्टफोलियो से कई स्कूटर्स भारत में ला सकती है। शुरुआत में इन स्कूटर को पूरी तरह भारत में बनाने की बजाय असेंबली रूट के जरिए पेश किया जाएगा। बाद में इन्हें भारतीय बाजार के हिसाब से लोकलाइज भी किया जाएगा।

> कंपनी भारत में स्कूटर असेंबली रूट के जरिए पेश करेगी

## विनफास्ट भारत में फिलहाल दो इलेक्ट्रिक कारें बेच रही

### कैसा है स्कूटर का डिजाइन?

डिजाइन के मामले में ये स्कूटर सिंपल और फैमिलियर लुक के साथ आएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पसंद आएं। इसके साथ ही इनमें कंफर्टेबल सीट भी दी जाएगी। जिस तरह विनफास्ट ने अपनी कारों की कीमतों को लेकर रणनीति अपनाई है, उसी तरह स्कूटर सेगमेंट में भी वह कड़ी टक्कर देने की तैयारी में है। पहले से मौजूद भारी कॉम्पीटिशन के बावजूद कंपनी धीरे-धीरे भारतीय इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना सकती है। आने वाले समय में भारत में विनफास्ट के कई नए स्कूटर्स लॉन्च होने की उम्मीद है, जिससे ग्राहकों को एक और नया ऑप्शन मिलेगा



### हब-माउंटेड बैटरी

*इन स्कूटर्स की खासियत यह होगी कि इनमें हब-माउंटेड बैटरी दी जाएगी और कुछ मॉडल्स में डबल बैटरी ऑप्शन भी मिल सकता है, जिससे रेंज बढ़ जाएगी। खासकर विनफास्ट जैसे स्कूटर में 160 किमी से ज्यादा की रेंज मिलने की उम्मीद है, जो भारतीय ग्राहकों के लिए काफी आकर्षक हो सकता है।*

### कीमत होगी इतनी

कीमत की बात करें तो ये इलेक्ट्रिक स्कूटर 1 लाख रुपए से कम कीमत में लांच किए जा सकते हैं। इससे ये आम ग्राहकों के लिए भी किफायती ऑप्शन बनेंगे। वहीं कुछ प्रीमियम मॉडल 1 लाख रुपए से ऊपर भी होंगे। कंपनी के स्कूटर्स में इवो ग्रांड, फ्लेड, थ्रोर्न एस, वेरा एक्स और विनटो एस जैसे मॉडल शामिल हो सकते हैं।

### चार दिन का सम्मेलन कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया

# डब्ल्यूटीओ वार्ता समाप्त, ई-कॉमर्स पर शुल्क से जुड़ी रोक बढ़ाने पर नहीं बनी सहमति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का चार दिन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) सोमवार को कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया, लेकिन ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क नहीं लगाने की व्यवस्था को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी।

यह व्यवस्था 1998 से लागू है, जिसके तहत डिजिटल डाउनलोड और स्ट्रीमिंग जैसी इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं पर सीमा शुल्क नहीं लगाया जाता। तब इसे दो साल के लिए लागू किया गया था और बाद में हर दो साल में इसे बढ़ाया जाता रहा। अब इस पर सहमति नहीं बनने से देशों के पास इन सेवाओं पर शुल्क लगाने का रास्ता खुल सकता है।

### अमेरिका पांच साल आगे बढ़ाने की मांग कर रहा

बैठक में इस मुद्दे पर अमेरिका और ब्राजील के बीच मतभेद सामने आए। कुछ देश इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं थे या केवल दो साल का विस्तार चाहते थे, जबकि अमेरिका इसे पांच साल तक बढ़ाने की मांग कर रहा था। मौजूदा व्यवस्था 31 मार्च को समाप्त होने वाली है। सम्मेलन 26 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च को खत्म होना था, लेकिन इसे बढ़ाकर 30 मार्च तक चलाया गया।

> ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क लगाने की व्यवस्था पर नहीं बनी सहमति

> डिजिटल डाउनलोड व स्ट्रीमिंग पर नहीं लगाया जाता सीमा शुल्क

> इस शुल्क को हर दो साल के लिए बढ़ाया जाता है

### कई विषयों पर जिनेवा में चर्चा जारी रहेगी

इनमें ई-कॉमर्स पर डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रक्रिया, 'इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन' पर सीमा शुल्क वसूलने पर लगी वर्तमान रोक को जारी रखने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (टीआरआईपीएस) से जुड़ी शिकायतों का समाधान जैसे विषय सम्मिलित थे। अब इन विषयों पर चर्चा संगठन के मुख्यालय जिनेवा में जारी रहेगी।





### समय की कमी के कारण कई मुद्दे लंबित

सम्मेलन की अध्यक्षता करने वाले कैमरून के व्यापार मंत्री ल्यूक मैग्लॉयर म्बार्गा अतांगाना ने कहा कि चार दिन की बैठक में व्यापार मंत्रियों ने कई मुद्दों को निपटाने की कोशिश की, लेकिन समय की कमी के कारण कुछ लंबित मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई।

**स्थायी विस्तार के लिए बना दबाव :** शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि अमेरिका ने यूरोपीय संघ और जापान के समर्थन से दीर्घकालिक या स्थायी विस्तार के लिए दबाव डाला, जबकि भारत और अन्य विकासशील देशों ने इसका विरोध करते हुए तर्क दिया कि इससे राजस्व का नुकसान निश्चित हो जाएगा और तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में नीतिगत गुंजाइश सीमित हो जाएगी।

### हर साल 10 अरब डॉलर का होगा नुकसान

*अब कई उत्पाद, जो पहले भौतिक रूप में बिकते थे, जैसे संगीत, फिल्में और किताबें, तेजी से डिजिटल रूप में उपलब्ध हो रही हैं। विकासशील देशों ने इस व्यवस्था का कई बार विरोध किया है क्योंकि उनके अनुसार डिजिटल आयात बढ़ने से उन्हें राजस्व का नुकसान हो रहा है। अनुमान है कि विकासशील देशों को हर साल करीब 10 अरब डॉलर का संभावित कर नुकसान हो सकता है, जबकि भारत को 50 करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान हो सकता है।*

# चांदी में 7,000 रुपए का उछाल और सोना 3,700 रुपए मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को कीमती धातुओं की कीमतों में लगभग तीन प्रतिशत का उछाल आया। शादी-विवाह के सीजन से पहले जौहरियों की ताजा लिवाली के कारण चांदी 7,000 रुपये चढ़कर 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, और सोना बढ़कर 1.51 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

- शादी-विवाह के सीजन से पहले जौहरियों की ताजा खरीदारी
- चांदी बढ़कर 2.37 लाख प्रति किलो और सोना 1.51 लाख प्रति 10 ग्राम

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 7,000 रुपये, या 3.04 प्रतिशत बढ़कर 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो शुक्रवार को बाजार बंद होने के समय 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,700 रुपये या 2.5 प्रतिशत बढ़कर 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।

### वैश्विक बाजार में एक फीसदी का उछाल

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 38.68 डॉलर, या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 4,531.67 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी 1.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 70.72 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस-प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि हाजिर सोना बढ़कर लगभग 4,530 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है।

# उद्योग जगत को दिया बैंक ऋण फरवरी में बढ़ा : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई



उद्योग जगत को दिया बैंक ऋण 28 फरवरी को समाप्त पखवाड़े में 13.5 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जबकि एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह वृद्धि 7.5 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

आरबीआई के अनुसार कर्ज में वृद्धि का कारण अवसंरचना, 'ऑल इंजीनियरिंग', रसायन एवं रासायनिक उत्पाद, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा वस्त्र क्षेत्रों को दिए ऋण में बढ़ोतरी है।

केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2026 के लिए क्षेत्रवार बैंक ऋण वितरण से संबंधित आंकड़े जारी किए है।

आंकड़े 41 चयनित अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से एकत्र किए गए। ये बैंक सभी वाणिज्यिक बैंकों के कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं।

- 28 फरवरी को समाप्त पखवाड़े में 13.5 की दर से बढ़ा

आरबीआई ने कहा, '' 28 फरवरी 2026 को समाप्त पखवाड़े में गैर-खाद्य बैंक ऋण सालाना आधार पर 14.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि (सात मार्च 2025) में यह वृद्धि 11.1 प्रतिशत थी। उद्योग क्षेत्र को ऋण में सालाना आधार पर 13.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 7.5 प्रतिशत से अधिक है। केंद्रीय बैंक के अनुसार सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को दिए गए ऋण में दहाई अंकों की वृद्धि जारी रही। जबकि बड़े उद्योगों को दिए गए ऋण में भी उच्च वृद्धि दर्ज की गई।

### व्यक्तिगत खंड में 15 फीसदी की दर से वृद्धि दर्ज

आरबीआई ने कहा कि व्यक्तिगत ऋण खंड में सालाना आधार पर 15.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो एक वर्ष पहले 11.7 प्रतिशत थी। इसमें आवास ऋण में स्थिर वृद्धि जारी रही जबकि वाहन ऋण और सोने के आभूषण के बदले ऋण जैसे खंडों में तेज विस्तार बना रहा।

# पश्चिम एशिया संघर्ष के चलते इक्रा ने घटाई भारत की जीडीपी वृद्धि दर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऊंची ऊर्जा कीमतों और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ऊर्जा उपलब्धता को लेकर बनी चिंताओं से वित्त वर्ष 2026-27 में घटकर 6.5 प्रतिशत रह सकती है, जिसके चालू वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह बात कही। इक्रा के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 85 डॉलर प्रति बैरल रहने के आसार हैं। रेटिंग एजेंसी ने साथ ही कहा कि भारत का चालू खाते का घाटा (कैड) बढ़कर वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी का 1.7 प्रतिशत हो सकता है जबकि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में यह लगभग एक प्रतिशत रह सकता है।

- वित्त वर्ष 2026-27 के लिए घटाकर 6.5 फीसदी की

इक्रा के अनुसार, पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान से महंगाई बढ़ने का जोखिम है, जो परिवारों की मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं को प्रभावित कर सकता है।

# वोल्टास को सीमा शुल्क विभाग का मिला नोटिस




**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी वोल्टास लिमिटेड को आयातित वस्तुओं के कथित गलत वर्गीकरण के मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों से 23.52 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। इसमें शुल्क और जुर्माना दोनों शामिल हैं। वोल्टास ने कहा कि वह इस आदेश का विश्लेषण कर रही है और इस मामले में सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सेसटैट) के समक्ष अपील दायर करने सहित उचित कानूनी कदम उठाएगी। एयर-कंडीशनर बनाने वाली कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह मामला 14 जून, 2019 से 21 जुलाई, 2022 की अवधि के दौरान कुछ आयातित वस्तुओं के गलत वर्गीकरण से संबंधित है।

# बैंकिंग कंपनियां 50,000 रुपए से अधिक ब्याज आय पर काटेंगी टीडीएस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत आने वाली सभी ''बैंकिंग कंपनियां'' निर्धारित सीमा से अधिक ब्याज आय पर स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) करेंगी। आयकर विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। आयकर कानून के अनुसार, यदि बैंक या डाकघर जमा से प्राप्त ब्याज आय एक वित्त वर्ष में सामान्य नागरिकों के लिए 50,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक लाख रुपये से अधिक हो जाती है, तो उस पर टीडीएस काटा जाता है। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि नए आयकर अधिनियम, 2025 की धारा 402 के तहत ''बैंकिंग कंपनी'' से तात्पर्य उन कंपनियों से है जिन पर बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 लागू होता है। आयकर अधिनियम, 1961 के तहत 'बैंकिंग कंपनी' की परिभाषा में केवल वे कंपनियां ही नहीं, बल्कि उस अधिनियम की धारा 51 में उल्लिखित ''कोई भी बैंक या बैंकिंग संस्था'' भी शामिल हैं।



## बीएचईएल को एनटीपीसी से 13,500 करोड़ का ठेका...




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को तेलंगाना में 2,400 मेगावाट की 'चरण-दो' ताप बिजली परियोजना के मुख्य संयंत्र पैकेज के निर्माण के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी से 13,500 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। बीएचईएल ने सोमवार को यह जानकारी दी। शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, बीएचईएल अक्टूबर, 2024 में इस परियोजना के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी थी। इसके बाद 29 मार्च, 2026 को एनटीपीसी ने बीएचईएल को 800-800 मेगावाट की तीन इकाइयों वाली इस परियोजना के मुख्य संयंत्र कार्य के लिए आधिकारिक आवंटन पत्र जारी किया।


## Nava Raipur Atal Nagar Vikas Pradhikaran

नवा रायपुर अटल नगर

Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, Raipur- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratainagar.com

**Notice Inviting Tender**

**Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 27/03/2026.**

Online Tenders are invited for "Allotment of land for Development of Auto Supply Store & Showroom for Private Vehicle and Hotel (5 star & above) at Sector 16 & 05 in Nava Raipur Atal Nagar Details of the projects are as below.

| S. No. | System Tender No. | Notice Inviting Tender No. | Location of Project | Plot Area (In Sq.mt.) approx. | Reserved Land Premium (INR/Sq.mt.) | EMD (INR Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 187942 | 2593/R-03/PRJ NRANVP/2026 | **Auto Supply Store & Showroom for Private Vehicle** Plot C11-a, Sector 16 | **14.200.00** (3.5089 Acres) | 10,870.00 | 155.00 |
| 2 | 187943 | 2594/R-03 PRJ NRANVP/2026 | **Hotel (5 Star and above)** Plot-LI/S5/M1 Sector 05 | **43,804.52** (10.824 acre) | 8,240.00 | 361.00 |

Tenderers shall download tender from e-Procurement website. The tender processing fee is INR 5,900/- only (Including GST) per tender
* Date and Time of Pre-bid meeting - **at 12:00 PM on 15th April 2026**
* Last Date for Online submission of Tender- **up to 03:00 PM on or before 27 April 2026**
* Last Date for Hard copy Submission of Technical Bid- **up to 03:00 PM on or before 29th April 2026**
* Opening of Technical Bid- after **03.30 PM on 29 April 2026**

The details of tender and terms & conditions are available on the e-Procurement website **https://eproc.costate.gov.in**

Any amendment modification in the tender documents, will only be uploaded on the e-Procurement website and shall not be published in any newspaper.

**Note:** If the date of Hard copy submission falls on public holiday, then the next working day shall be considered.

**(Approved by CEC)**

**Manages (Estate)**
**NRANVP, Nava Raipur Atal Nagar**

**S.- 47349**

## POLICE HEADQUARTERS CHHATTISGARH, NAVA RAIPUR

**NOTICE INVITING TENDER**

**No. PHQ./ADGP/CAF HQ/Sec.-3/I 1243/26, Nava Raipur, Dated 27/03/2026**

The Director General Of Police Chhattisgarh Nava Raipur, on behalf of Governor of Chhattisgarh, invites sealed tenders in 03 separate envelops earmarked as (Pre-qualification bid, Technical bid and Financial bid) for outsourcing the following services required for the recruitment of Chhattisgarh Armed Force, during calendar years 2026 and 2027 for the following items:-

| Sl. No. | Name of Items |
|---|---|
| 1 | Receiving online application & data entry in respect of each candidate. |
| 2 | Providing facilities for digital measurement of height and chest during Physical Standard Test (P.S.T.) and printing report cards for the same to obtain the undertaking of candidate. |
| 3 | Providing RFID system for measuring running time during Physical Efficiency Test (P.E.T.) Digital technology system for measuring performance and synchronized video recording of the same, RFID synchronization and printing report cards for the same to obtain the undertaking of candidate. |
| 4 | Providing Digital Technology System for measuring distance/height in shot-put, long jump and high jump and synchronized video recording of the same, printing report cards for the same to obtain the undertaking of candidate. |
| 5 | Designing, Printing, Scanning & evaluation of OMR written examination sheets & bio-metric attendance for written exam. |
| 6 | Automatic updation of marks/ results of each candidate in Master Sheet for each stage of Selection process. |
| 7 | Comprehensive application software for the recruitment programme including data entry, compilation of results and the following:- 1- Data entry of Physical Standard Test (PST) and Physical Efficiency Test (PET). 2- Capturing live photographs of Candidates during PST, PET and the Written Exam using a reputable cloud-based photographs capture service compliant with Government of India guidelines. 3- Capturing fingerprints/iris scans (where fingerprint capture is not possible) of candidates during PST, PET and the Written Exam. 4- Comparing live photographs captured during PST, PET and the Written Exam with photographs uploaded by candidates during the online application, using a reputable cloud-based photographs comparison service compliant with Government of India guidelines. 5- Comparing fingerprints/iris scans (where fingerprint capture is not possible) captured during PST with those captured during PET and the Written Exam. 6- Generating instant results of photographs comparison, including "matched/not matched" remarks and matching scores for photographs uploaded during the online application and live photographs captured during PST, PET and the Written Exam. 7- Generating instant results of fingerprints/iris scans matching, including "matched/not matched" remarks and matching scores for comparisons between fingerprints/iris scans captured diring PST and those captured during PET and the Written Exam. 8- Providing the result measured by digital technology system and video recording of any candidate as and if needed. |

The tender document may be obtained from the office of the undersigned on payment of Rs. 5,000/- (Rupees Five Thousand only) in the form of Demand Draft/Banker's Cheque issued by any nationalized / scheduled bank in favour of Director General Of Police, Police Headquarters, Nava Raipur, Payable at Raipur. Tender form may be downloaded from the Chhattisgarh Police Website and submitted along with a Demand Draft of Rs. 5,000/-. Details of the scope of work and tender conditions are available on the Chhattisgarh Police website at https://www.cgpolice.gov.in. Soft copy of the DD/B.C. must be submitted with technical bid and hard copy must reach to this office within five working days of opening technical bid.

**Addl. Director General of Police (C.A.F.)**
**Police Headquarters, Chhattisgarh, Nava Raipur.**
**Pin:-492 002, Phone & Fax: 0771-2434009, 2434959**

The tender offer, in the prescribed tender form and along with all the relevant documents duly sealed and completed in all the respects, must be submitted as per the schedule below:-

**SCHEDULE FOR TENDER**

| | | |
|---|---|---|
| a) | Address for submission of Tender Document:- | Addl. Director General of Police (C.A.F.), Police Headquarters, Chhattisgarh, Nava Raipur |
| b) | Pre-Bid confernce | **10-04-2026 at 11:30 AM** |
| c) | Last date & time for availability of tender forms | **30/04/2026 till 12.00 hrs** |
| d) | Last Date and Time for receipt of Tender:- | **30/04/2026 till 15:00 hrs.** |
| e) | Place, Time and Date of Opening Technical Bid:- | Addl. Director General of Police (C.A.F.), Police Headquarters, Chhattisgarh, Nava Raipur 30/04/2026 at 16:00 hrs. |
| f) | Place, Time and Date of opening Financial Bid: | Shall be intimated. |
| g) | Date till which the Bid to remain valid | Till the completion of the recruitment process |

**Note:-** 1. In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day. 2. Tender forms shall not be supplied by Post. 3. Modification/Amendments/corrigendum, if any shall not be advertised in the news paper but shall be published only on the Chhattisgarh Police website at https://www.cgpolice.gov.in.

**Addl. Director General of Police (C.A.F.)**
**For-Director General of Police**

**G.- 252607442/3**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सुकमा, दंतेवाड़ा और...

बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। आईजी सुंदरराज पी ने शहीदों की वीरता को नमन करते हुए कहा कि बस्तर रेंज की धरती पर शांति, सुरक्षा और विकास की स्थापना का मार्ग वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान से प्रशस्त हुआ है। दुर्गम जंगलों, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और निरंतर सुरक्षा चुनौतियों के बीच हमारे सुरक्षा बलों ने असाधारण साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। विशेष रूप से सुकमा, दंतेवाड़ा व बीजापुर जैसे क्षेत्रों में लंबे समय तक चली कठिन परिस्थितियों के बीच जवानों ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शांति स्थापित करने के लिए अदम्य साहस दिखाया। दक्षिण बस्तर के इन जिलों के घने जंगल, सीमित संचार साधन, कठिन भौगोलिक स्थितियाँ और माओवादी हिंसा की चुनौतियां लंबे समय तक सुरक्षा बलों के सामने बड़ी परीक्षा बनकर खड़ी रहीं। इसके बावजूद हमारे जवानों ने कभी पीछे हटने का विकल्प नहीं चुना। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर इस क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करने, आम नागरिकों में विश्वास जगाने और विकास की राह खोलने का कार्य किया। यह बलिदान केवल सुरक्षा व्यवस्था के लिए नहीं बल्कि बस्तर के भविष्य को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए दिया गया है।

### ताड़मेटला में शहीद...

अभियान चलाया था। अभियान के दौरान दिनांक 6 की सुबह लगभग 6 बजे घात लगाकर बैठे नक्सलियों द्वारा पुलिस बल पर अंधाधुंध फायरिंग एवं विस्फोट किया गया। तथा बुलेटप्रूफ वाहन को भी विस्फोट कर क्षतिग्रस्त कर दिया जिसमें वाहन चालक शहीद हो गया। इस सबसे बड़े हमले में सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट सत्यवान सहित कुल 76 जवान शहीद हुए तथा 07 जवान घायल हुए थे। सुकमा जिले में तीसरा बड़ा हमला ग्राम मिनपा एवं बुरकापाल के मध्य जंगल पहाड़ी में 21 मार्च 2020 को हुआ था। कैम्प बुरकापाल, चिंतागुफा, दोरनापाल व कोंटा से डीआरजी, एसटीएफ एवं 206 कोबरा की संयुक्त टीम ऑपरेशन के लिए रवाना हुई। दोपहर लगभग एक बजे घात लगाकर बैठे 450-500 सशस्त्र माओवादियों द्वारा पुलिस पार्टी पर तीन और से अंधाधुंध फायरिंग व बमबारी की गई। पुलिस बल ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए लगभग 7 घंटे तक जवाबी कार्रवाई कर नक्सलियों को पीछे हटने पर मजबूर किया। घटना में कुल 17 जवान शहीद हुए। वहीं मुठभेड़ के दौरान डीआरजी एवं एसटीएफ के कुल 15 जवान घायल हुए। जवाची कार्रवाई में 3 माओवादियों के मारे जाने की नक्सलियों ने पुष्टि की थी।

### एएसपी गिरपुंजे ने...

पोकलेन की तस्दीक के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी में विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में एएसपी आकाश राव गिरपुंजे गंभीर रूप से घायल हो गए तथा एसडीओपी कोंटा भानुप्रताप चन्द्राकर एवं चाना प्रभारी कोटा सोनल ग्याला भी घायल हुए। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद एएसपी गिरपुंजे ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पुलिस बल को नक्सलियों की फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब देने लगातार प्रोत्साहित करते रहे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई से नक्सली जंगल की ओर भाग गए। इस घटना में गंभीर रूप से घायल एएसपी उपचार के दौरान शहीद हो गए।

### थाना प्रभारी कुआकोण्डा...

डोरेपारा जंगल में पुलिस एवं माओवादियों के मध्य मुठभेड़ हुई। पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख माओवादी पीछे भागने लगे उसी दौरान उप निरीक्षक संग्राम सिंग, डोगेन्द्रपाल पात्रे, आरक्षक मुकेश ताती को गोली लगने से घायल हो गये तथा मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से आरक्षक 335 निर्मल नेताम एवं गोपनीय सैनिक सुखराम गावड़े शहीद हो गये। अरनपुर थाना क्षेत्र में 30 अक्टूबर 2018 को नीलावाया सड़क जंगल के बीच अरनपुर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य (सड़क निर्माण कार्य) को कवरेज करने दिल्ली से दूरदर्शन की टीम आने व उनकी सुरक्षा प्रदाय करने पुलिस पार्टी रवाना हुए थे। इसी दौरान नीलावाया सड़क जंगल के बीच पुलिस एवं माओवादियों के मध्य मुठभेड़ हुई। जवाबी फायरिंग में पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख माओवादी पीछे भाग गये। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से एसआई रूद्रप्रताप सिंह के अलावा सहायक मंगलू मंडावी एवं राकेश कौशल शहीद हो गये। इस हमले में मीडिया कर्मी अच्युतानंद साहू की भी मृत्यु हो गयी थी।

### बीजापुर जिले के...

आड़ लेकर माओवादियों के विरूद्ध जवाबी कार्यवाही की गई। घटना में माओवादियों से डट कर मुकाबला करते हुए 22 जवान शहीद हुए। इस घटना में माओवादियों के साथ बहादुरी से मुकाबला करते हुए वीरगति प्राप्त करने वाले एसआई दीपक भारद्वाज, प्रधान आरक्षक नारायण सोढ़ी एवं एसटीएफ के प्रधान आरक्षक श्रवण कश्यप को मरणोपरान्त किर्ती चक्र से सम्मानित किया गया। **31 हार्डकोर नक्सली को ढेर करते हुए दो आरक्षक हुए थे शहीद**..:- बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके मे नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर 8 फरवरी 2025 को डीआरजी, बस्तर फाईटर व एसटीएफ की संयुक्त टीम नेशनल पार्क एरिया कमेटी के माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 9 फरवरी की सुबह लगभग 8 बजे थाना मद्देड फरसेगढ़ बॉर्डर एरिया के मध्य जंगल पहाड़ में संयुक्त पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई जो शाम 3-4 बजे तक रूक-रूक कर चलती रही। इस मुठभेड़ में 11 महिला व 20 पुरूष सहित कुल 31 हार्डकोर वर्दीधारी माओवादियों का शव मय हथियार एवं विस्फोटक सामग्री सहित बरामद हुए। इस घटना में माओवादियों का बहादुरी से मुकाबला करते हुए डीआरजी में पदस्थ प्रधान आरक्षक नरेश कुमार ध्रुव एवं एसटीएफ आरक्षक बासित रावटे वीरगति को प्राप्त हुए थे।

### ट्रंप ने फिर दी...

लेकिन वे बेवकूफ लोग हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि उनका प्रशासन सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ 'गंभीर बातचीत' कर रहा है। उन्होंने साथ ही धमकी दी कि यदि 'शीघ्र' कोई समझौता नहीं होता है तो खाड़ी देश के ऊर्जा संसाधनों को बड़े पैमाने पर नष्ट कर दिया जाएगा। ट्रंप ने पोस्ट में कहा कि बहुत प्रगति हुई है, लेकिन अगर किसी भी कारण से जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है, जिसकी आशंका बहुत अधिक है, और अगर होर्मुज जलडमरूमध्य तुरंत व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम ईरान में अपनी कार्रवाई का समापन उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खार्ग द्वीप (और संभवतः सभी विलवणीकरण संयंत्रों!) को उड़ाकर और पूरी तरह से नष्ट करके करेंगे। **ईरानी हमले से कुवैत में भारतीय की मौत**-पश्चिम एशिया में एक महीने से जारी संघर्ष में रविवार को कुवैत में एक बिजली और जल अलवणीकरण संयंत्र पर ईरान के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इस घटना के साथ ही पश्चिम एशिया में इस युद्ध में मारे गए भारतीय नागरिकों की संख्या आठ हो गई है। कुवैत के विद्युत, जल एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि हमले के दौरान उसके बिजली और जल शोधन संयंत्र परिसर की एक इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत की पुष्टि की है।

### पटेरिया संभालेंगे बिलासपुर...

में खोले गए इस विवि में उनकी प्रत्यक्ष नियुक्ति हुई थी। नियमतः नवीन खोले गए विश्वविद्यालयों में प्रथम कुलपति के लिए आवेदन नहीं मंगाए जाते हैं। शासन द्वारा ही उनकी नियुक्ति की जाती है। पटेरिया का कार्यकाल बीते वर्ष समाप्त हो चुका था।

### धरा के 'सौंदर्य'...

लगभग 40 किमी दूर है इसलिए लोगों को यहां आने जाने में सुविधा होती है। चित्रकोट में इंद्रावती नदी की जलधारा जलप्रपात में गर्जना करती हुई गिरती है। जहां सूर्य की किरण पड़ने पर इंद्रधनुष की छटा लोग देख पाते हैं। यहां नदी में एनीकट बनने से पानी रोकने और छोड़ने का काम जल संसाधन विभाग करता है। जब पानी छोड़कर जलप्रपात की धारा को बढ़ा दिया जाता है तो खूबसूरती बढ़ जाती है। जब एनीकट में पानी रोका जाता है, तब जलप्रपात की धारा पतली हो जाती है। बहरहाल गर्मी आने पर दोनों जलप्रपात में धारा पतली होने से यहां पहुंचने वाले लोगों को मायूसी होती है।

### नक्सल हिंसा के...

और बस्तर विकसित हो रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि 70 साल में आदिवासी विकास से उपेक्षित रह गए तो दोषी कौन है? शाह ने कहा कि मोदी सरकार के दौरान नक्सल प्रभावित इलाकों में भी विकास पहुंचा। शाह ने उल्लेख किया कि कई सारे महत्ववूर्ण कार्य मोदी सरकार के दौरान हुए हैं और नक्सलवाद से मुक्त भारत की रचना भी इसी सरकार में हो रही है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद और उग्रवाद समाप्त हो रहा है तो उसका पूरा श्रेय अर्धसैनिक बलों, विशेष कर कोबरा बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और राज्यों की पुलिस तथा स्थानीय आदिवासियों को जाता है। गृह मंत्री ने कुछ विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह और भगवान बिरसा मुंडा की तुलना नक्सलियों से करने की कोशिश की गई, जो पूरी तरह अनुचित है। शाह ने कहा कि नक्सलियों द्वारा 'रेड कॉरिडोर' को इसलिए चुना गया था कि वहां शासन व्यवस्था की पहुंच कम थी। गृह मंत्री ने कहा कि वामपंथी उग्रवादियों ने प्रभावित क्षेत्रों में विकास को नहीं पहुंचने दिया, जहां अब मोदी सरकार विकास को घर-घर पहुंचा रही है।

### लिव-इन जोड़ों...

जनगणना' (एलएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। पोर्टल पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की सूची दी गई है ताकि लोग देश की 16वीं जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले सवालों का आसानी से उत्तर दे सकें। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव-इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा? यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं, तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए। सरकार ने एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं। पहले चरण में पूछे जाने वाले प्रश्नों में घर के फर्श और छत में इस्तेमाल सामग्री, वहां रहने वाले विवाहित जोड़ों की संख्या, परिवार के मुखिया का लिंग, उपभोग किए जाने वाले अनाज का प्रकार, बुनियादी और आधुनिक आवश्यकताओं तक पहुंच और स्वामित्व वाले वाहनों के प्रकार शामिल होंगे। प्रश्नों की शुरुआत भवन संख्या (नगरपालिका या स्थानीय प्राधिकरण या जनगणना संख्या), जनगणना मकान संख्या, और घर के फर्श, दीवार और छत में उपयोग की गई प्रमुख सामग्री पूछने से होगी। इसके बाद गणनाकर्ता घर के उपयोग, उसकी स्थिति, और उसमें सामान्य रूप से रहने वाले व्यक्तियों की संख्या के बारे में पूछेंगे। अधिकारी परिवार के मुखिया के बारे में नाम और लैंगिक पहचान की जानकारी भी एकत्र करेंगे। **लोग खुद भी भर सकेंगे फॉर्म-** सरकार इस बार लोगों को स्वयं-गणना यानी सेल्फ इन्यूमरेशन का विकल्प भी देगी। लोग मोबाइल एप या वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी खुद भी भर सकेंगे। इससे प्रक्रिया तेज होगी और सिस्टम का भार कम होगा। जिन लोगों के पास मोबाइल या इंटरनेट नहीं है, उनके लिए फील्ड कर्मचारी घर-घर जाकर डेटा दर्ज करेंगे।

### सीबीएसई की पढ़ाई...

साथ जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी। दरअसल, राज्य सरकार ने इस बार 5वीं और 8वीं के एग्जाम बोर्ड स्तर पर आयोजित करने का आदेश जारी किया। ऐसे में वो प्राइवेट स्कूल जिन्हें सीबीएसई की मान्यता नहीं है, उनके बच्चों को पांचवीं और आठवीं कक्षा में सीजी बोर्ड का एग्जाम देना पड़ा। जबकि स्कूल प्रबंधन ने इन बच्चों के लिए लोकल एग्जाम पहले ही आयोजित कर लिया था। ऐसे में पेरेंट्स ने कलेक्टर बंगले का भी घेराव किया था। इसी शासन के आदेश का हवाला देकर ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल और नारायाणा टेक्नो स्कूल प्रबंधन ने भी पांचवीं और आठवीं के बच्चों को दोबारा सीजी बोर्ड एग्जाम दिलाने कहा। यह सुनकर स्टूडेंट्स के पेरेंट्स भड़क गए, उनका कहना था कि उनसे सीबीएसई मान्यता के नाम पर एक्स्ट्रा फीस ली गई है। जब बच्चों को सीजी बोर्ड का एग्जाम देना था तो वो ऐसे महंगे स्कूल में दाखिला क्यों दिलाते। इधर हाईकोर्ट में शिक्षा के अधिकार कानून के तहत गरीब बच्चों को प्राइवेट स्कूल में प्रवेश नहीं देने को लेकर जनहित याचिका की सुनवाई चल रही है।

### स्कूल प्रबंधन की...

दिया है। इसके तहत सीबीएसई उन स्कूलों को ही मान्यता देगा, जहां 12वीं कक्षा तक स्कूल संचालित है, जिन प्राइवेट स्कूलों को सीबीएसई से मान्यता नहीं है, वो राज्य शासन के नियम और निर्देशों के तहत संचालित है। इस पर डिवीजन बेंच ने शिक्षा सचिव को शपथपत्र के साथ इस मामले में जवाब पेश करने के लिए कहा है।

### आंध्रप्रदेश के डीजीपी...

(कंपनी प्लाटून कमांडर (सी.पी.सी./डीसीएम रैंक), पीएलजीए बटालियन), पोडियम राजे उर्फ रामे (क्षेत्र समिति सदस्य (एसीएम), 13वीं प्लाटून, राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र), करतम आदम उर्फ नांगी (पीपीसीएम, पीएलजीए बटालियन), मुचाकी मासा उर्फ अजीत, एसीएम, केकेबीएन डीवीसी, ओडिशा राज्य समिति, माडवी जोगी उर्फ रुकुनी, पीपीसीएम, 8वीं कंपनी, केकेबीएन डीवीसी, मुचाकी लक्ष्मण उर्फ लकमा, पीएम, पामेड एसी, माडिवी अदामा (दलीय सदस्य, पीएलजीए बटालियन) और कदीथी हुर्रे उर्फ उर्रा (दलीय सदस्य, 10वीं कंपनी, डीकेएसजेडसी) शामिल हैं। सभी माओवादी आंध्रप्रदेश के पुलिस महानिदेशक हरीश कुमार गुप्ता के समक्ष आत्मसमर्पण किए। मिली जानकारी के मुताबिक आंध्र प्रदेश की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के अनुसार चेल्लूरी नारायण राव उर्फ सुरेश को 25 लाख रुपये, करतम लच्छू को 5 लाख रुपये, करतम अदामे उर्फ नांगी, मुचाकी मासा उर्फ अजीत, पोडियम राजे और करतम अदामे को 4 लाख रुपये और मुचाकी लक्ष्मण, मादिवी अदामा और कदीथी हुर्रे को 1 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा।

### मदनवाड़ा के जंगल...

इस आपरेशन को पुलिस कप्तान वायपी सिंह, आईटीबीपी तथा डीआरजी की संयुक्त टीम के साथ लीड करते नक्सलियों के डंप तक पहुंचाते हुए हाईटेक हथियार व कारतूस बरामद किया है। प्रेसवार्ता करते राजनांदगांव रेंज के आईजी बालाजी राव ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा राजनांदगांव रेज को नक्सलमुक्त होने की औपचारिक घोषणा करते बताया कि सटीक गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार सुबह तड़के 4 बजे पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस, डीआरजी एवं आईटीबीपी फोर्स जिला के आखिरी सीमाक्षेत्र तथा कांकेर-बस्तर थाना कोडेकुरसे सीमा पर स्थित कोवाचीटोला एवं थाना मदनवाड़ा के कलवर जंगल में नक्सलियों द्वारा छुपाए गए डंप की सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। तकरीबन 3 घंटों की सघन सर्चिंग के बाद टेकरी पर स्थित नाला किनारे कटे हुए पेड़ के नीचे काले पालीथीन में लपेटी हुई एक बड़ी बंडल मिली, जिसे सावधानीपूर्वक हटाकर चेक करने पर काले पालीथीन में लपेटी हुई दो आटोमेटिक हथियार मैगजीन के साथ बरामद की गई।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सोमवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, लिवर व किडनी रोग, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, थाइरॉयड सर्जरी, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-साफ सफाई गार्डन में पानी डालने एवं अन्य सभी घरेलु कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है रहने, खाने की सुविधा दी जाएगी तनखा- 7500 महीना सम्पर्क करें- 9752595404 (40392)

**आवश्यकता है**-रियल इस्टेट आफिस में टेलीकॉलिंग, मार्केटिंग हेतु युवक, युवतियां चाहिए वेतन योग्यता अनुसार 5000 से 20000 तक दिया जाएगा सम्पर्क करें- गणपति होम्स गीता पैलेस भवन के सामने उसलापुर 7828892113 (40393)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर में आवश्यकता है रहकर या आना जाना करके ड्राईवर, चौकीदार, घरेलू कार्य हेतु पुरुष, महिला कर्मचारी दिन ड्यूटी करने रहने हेतु घर सुविधा देंगे स्थान जरहाभाटा सम्पर्क करें- 9630355275 (40394)

**आवश्यकता है**-नवचेतन प्ले स्कूल, चांदनी चौक, कुदुदण्ड में अनुभवी महिला शिक्षिकाओं की तुरन्त आवश्यकता है इच्छुक उम्मीदवार शीघ्र सम्पर्क करें- 8839215493, 98263 24785 (40397)

**आवश्यकता है**-थोक दवाई दुकान में साफ सफाई, डस्टिंग, झाड़ू, रैक साफ करने एवं माल निकालने हेतु पार्ट टाइम/फुल टाइम लड़के लड़कियां चाहिए सम्पर्क करें- प्रीमियर एजेन्सीज मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (40395)

**आवश्यकता है**-शोरूम में काम करने हेतु सेल्स मेन की आवश्यकता है वेतन 5 अंकों में। सम्पर्क करें- श्री लक्ष्मी स्पोर्ट्स सदर बाजार गोंड पारा बिलासपुर (40371)

**आवश्यकता हैं**
अग्रणी दोपहिया वाहन डीलरशिप (सर्विस) में कार्य करने हेतु निम्नपदों की आवश्यकता है।
सर्विस एडवाजर-4 पद
फ्लोर सुपरवाइजर-1 पद
टेक्नीशियन-6 पद
PDI टेक्नीशियन-6 पद
पार्ट पीकर-3 पद
सिक्योरिटी गार्ड-2 पद
फिल्ड एग्जीक्यूटिव (सेल्स)-6 पद
वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता
वाक इन इंटरव्यू 12 PM से 2PM दिनांक -31/3/2026 से 2/4/2026 तक
मौसाजी होंडा
सीपत रोड, सरकंडा, बिलासपुर
8817017053 (सेल्स)
7631100772 (सर्विस)
maosajihondabilaspur@gmail.com

**आवश्यकता है**-पुरानी गाड़ी खरीदी बिक्री कार शोरूम में टेलीकॉलिंग अनुभवी लड़की एवं एक ड्राइवर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अंकित मोटर्स, मंगला चौक बिलासपुर 7000604508 (40403)

**आवश्यकता है**-दवाई दुकान में पिकर, चेकर, लोकल डिलीवरी, पैकर का काम करने के लिए लड़के, लड़कियां की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जगत फार्मा, होटल अजीत के पीछे, मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (40402)

**आवश्यकता है**-दुकान में कार्य हेतु (लड़के, लड़कियों) की आवश्यकता है वेतन 8000 सम्पर्क करें- गुप्ता अम्ब्रेला (छाता दुकान) हनुमान मन्दिर खोवा मण्डी के पास जगदीश होटल के सामने गोल बाजार बिलासपुर (40255)

**आवश्यकता है**-फर्नीचर शॉप में काम करने के लिए लड़कों एवं फर्नीचर कारपेन्टर मिस्त्री की आवश्यकता है सम्पर्क करें-9300671120 (40386)

**आवश्यकता है**-चॉकलेट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता-बंजारी मन्दिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534 (40401)

**आवश्यकता है**-थोक दवाई एजेन्सी में माल निकालने, मिलाने, पैकिंग कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं ड्राइवर, एकाउंटेंट की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 98271 22105 (40398)

**आवश्यकता है**-न्यू हाई कोर्ट के पीछे छतौना के प्लॉट में वर्कशॉप में ही रहकर परिवार वाला व्यक्ति चौकीदारी करने के लिए आवश्यकता है सम्पर्क करें-9669211111, 98271 75811 (40389)

**आवश्यकता है**-टेलीकॉलिंग के लिए लड़कियों की आवश्यकता है। कार्य समय सुबह 10बजे से 5बजे तक, वेतन 7000, सम्पर्क करें- अकैडमी गांधी चौक बिलासपुर 9685597971 (1491)

**आवश्यकता है**- मेडिकल दुकान में काम करने के लिए पुरुष कर्मचारी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- पाल मेडिकल स्टोर्स, बुधवारी बाजार बिलासपुर 6260736685 (1492)

**आवश्यकता है**-सेनेटरी, टाइल्स दुकान में कार्य हेतु मेहनती, होशियार दो लड़कों की आवश्यकता है। पता- जय श्रीकृष्ण ट्रेडर्स, अशोक जनरल स्टोर्स के पास, त्रिवेणी भवन मार्ग, जोन-2, व्यापार विहार बिलासपुर 9425219302 (40387)

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रीकल्स दुकान में Marg साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर (लड़की) एवं साईट कार्य हेतु वाईरिंग, फिटिंग इलेक्ट्रीशियन लड़के चाहिए पता- अरूण इलेक्ट्रीकल्स चन्द्रा पार्क के सामने बृहस्पति बाजार बिलासपुर 78691 02080 (40399)

**आवश्यकता है**-ऑफिस/ फिल्ड कार्य करने हेतु कंप्यूटर टेक्नीकल असिस्टेंट, ऑफिस ब्वाय की आवश्यकता है! आकर्षक वेतन सम्पर्क करें- सिद्धि सॉफ्टवेयर शॉप नं-17 फर्स्ट फ्लोर व्यापार परिसर राजकिशोर नगर बिलासपुर 6260537847 (14736)

**आवश्यकता है**- परमानेंट जॉब सभी इंजीनियर, वेल्डर कटर, फिटर, गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य-10, ड्राइवर, चपरासी-20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री, सम्पर्क- व्यापार विहार बिलासपुर 6232429364 (40095)

**आवश्यकता है**- कम्प्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर एवं CCTV इंजीनियर, वायरमैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कम्प्यूटर एण्ड कम्प्यूटर, होटल मिड टाउन काम्प्लेक्स टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9827153134 (40350)

**आवश्यकता है**-इलेक्ट्रॉनिक शोरूम सामान लोडिंग अन लोडिंग हेतु मेहनती, जिम्मेदार व्यक्ति एवं ड्राइवर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता उम्मीदवार सम्पर्क करें- श्रीशारदा इन्टरप्राइजेस काली मन्दिर के पास मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 78699 19759 (40384)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- नूतन इलेक्ट्रॉनिक जनरेटर फर्स्ट फ्लोर निगम कॉम्प्लेक्स देवकीनन्दन स्कूल चौक के पास तिलक नगर बिलासपुर 9826677626, 98271 88163 (40388)

**आवश्यकता है**-रेस्टोरेन्ट में काम करने के लिए इंडियन कुक, हेल्पर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार केवल अनुभवी ही सम्पर्क करें- तृप्ति भोजनालय मंगला चौक बिलासपुर 83195 29383 (40391)

**आवश्यकता है**-बैग सिलाई, स्क्रीन प्रिंटिंग कारीगर ऑफिस स्टाफ (महिला/ पुरुष) एवं मैड की आवश्यकता है काम करने के इच्छुक ही सम्पर्क करें- क्रिएटिव बैग राजीव गांधी चौक बिलासपुर 9098973726 (40400)

**आवश्यकता है**-हाउस कीपिंग स्टाफ, किचन में बर्तन धोने) (नाइट शिफ्ट) में पुरुष/ महिला चाहिए वेतन- 9000 से 15000 पता- होटल विस्तारा SBI के ऊपर, तिफरा, काली मंदिर के पास, बिलासपुर 9407614501 (40375)

**आवश्यकता है**-फैक्ट्री मेस में कार्य करने हेतु खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने, बर्तन धोने के वाले चाहिए। रहने, खाने की सुविधा। सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 99933 34937 (40372)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर एवं सीसीटीवी कैमरा का कार्य करने हेतु दुकान में ईमानदार लड़के की शीघ्र आवश्यकता है पता- Cyber Soft, गांधी चौक, बिलासपुर सम्पर्क करें- 9039246656 (40382)

**आवश्यकता है**-कृष्णा फुट वेयर होल सेल दुकान में कार्य करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 9907925025, 79872 10064 (40379)

**आवश्यकता है**-अनुभवी PRO (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर) फील्ड वर्क अनुभवी, आया बाई (नाईट में) बिलासपुर हेतु, X-RAY टेक्नीशियन सरगांव हेतु। सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पीटल महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (40381)

**आवश्यकता है**- थोक दवा दुकान में माल निकालने, जमाने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 8000, सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी, 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 7430000011 (40347)

**आवश्यकता है**-बिलासपुर सीपत रोड स्थित शादी भवन के सम्पूर्ण मैनेजमेंट हेतु 2 से 3वर्ष अनुभवी नशा मुक्त शिक्षित ऑल राउंडर व्यक्ति चाहिए। सपरिवार आवास सुविधा। सम्पर्क करें- 7999043732, 7000799879, 99934 50848, 9752777077 (40370)

**आवश्यकता है**-अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट, एक्स-रे टेक्नीशियन, ओटी असिस्टेंट, रिसेप्शनिस्ट चाहिए सम्पर्क करें- मिश्रा बोन एण्ड ज्वाइंट केयर, पल्लव भवन के बगल में, रिंग रोड नं.-2 गौरव पथ, बिलासपुर 9130083788 (40383)

**आवश्यकता है**-प्रिंटिंग युनिट हेतु कोरल ड्रा डिजाइनर 2 पद, ऑफिस ब्वॉय 3 पद एवं बाईन्डर 2 पद की आवश्यकता है वेतन 10000 सम्पर्क करें- प्रिंट आइडिया सुभाष काम्पलेम्स जरहाभाठा बिलासपुर 7999415807 (40373)

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर दुकान में कार्य करने हेतु ऑफिस बॉय की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से कम्प्यूटर सर्विस लाइन, इन्दू चौक बिलासपुर 99772 98333 (40374)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने हेतु लड़को की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति दुकान आकर मिलें-अनन्त मेडिकल स्टोर जयदुर्गा भोजनालय बाजू में जिला अस्पताल के पास पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 94217 32836 (40376)

**आवश्यकता है**-रायपुर, महासमुंद,रायगढ मे सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर फील्ड आफिसर, कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें-9201958117, 9201958114, 786923 0888 (6616)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य, टेलीकॉलिंग हेतु महिला एवं युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है उम्र 35 तक योग्यता 10वीं से ग्रेजुएशन सैलरी 5000 से 10000 सम्पर्क करें- मन्दिर चौक बिलासपुर 08982373586 (40322)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## किराया

**किराया**-बाबूजी एम्पायर, अशोक नगर चौक, सीपत रोड बिलासपुर में 10000 वर्गफिट काम्प्लेक्स में शॉपिंग मॉल, कोचिंग, ऑफिस एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु किराए से देना है। सम्पर्क करें- 9827198371, 99071 03707 (40321)

**किराया**-हनुमान मन्दिर गाँधी गार्डन के पास प्रथम तल पर दो बेडरूम हाल किचन लेटबाथ सहित सर्वसुविधा युक्त मकान छोटे परिवार/ कार्यालय हेतु किराया पर देना है सम्पर्क करें- 9425523515, 8817324272 (40367)

## बेचना है

**बेचना है**-तिफरा यदुनन्दन नगर में मकान 1500 वर्गफिट में बना 2BHK, तीन बाथरूम, एक दुकान गार्डन (48लाख) एवं प्लाट TNC 40×60= 2400 वर्गफिट 45लाख नगद वाले को प्राथमिकता सम्पर्क करें-9826314444 (40358)

**बेचना है-(1) कोरबा में लक्जरी घर 5BHK 4500 वर्गफुट 1.25 cr. में बेचना है। (2) निहारिका के पास में स्वतंत्रता मकान 1050 वर्गफुट, 44 लाख में बेचना है। सम्पर्क करें- 9755455909** (40380)

**बेचना है**-जूना बिलासपुर मेन रोड 215 वर्गफुट में निर्मित 380 वर्गफुट डबल स्टोरी (बालाजी सेल्स, रमेश थ्रेड के बीच) दुकान। बैंक फाइनेंस, प्रॉपर्टी एक्सचेंज ऑफर भी। सम्पर्क करें- 9827168452, 93006 25174, 9827466134 (0308)

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# चेन्नई सुपर किंग्स का राजस्थान के खिलाफ तीसरा सबसे कम स्कोर, वैभव की तूफानी फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

इंडियन प्रीमियर लीग का तीसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 8 विकेट से हरा दिया। वहीं राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स का तीसरा सबसे कम स्कोर रहा। चेन्नई सुपर किंग्स का टॉप ऑर्डर और मध्यक्रम बुरी तरह से फ्लॉप रहा। संजू सैमसन, कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, शिवम दुबे सभी ने निराश किया। राजस्थान के लिए नांद्रे बर्गर, रविंद्र जडेजा और जोफ्रा आर्चर ने कमाल की गेंदबाजी की। वहीं ओवरटन 36 गेंद पर 43 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे और 10वें विकेट के लिए हुई 33 रन की साझेदारी सबसे बड़ी रही। यह आईपीएल इतिहास की दूसरी बेस्ट 10वें विकेट की पार्टनरशिप रही। आरआर के वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 गेंदों पर अर्धशतक लगाया।

**खास बात**

- आईपीएल तीसरा मुकाबला : आरआर ने सीएसके को 8 विकेट से हराया



### वैभव का 15 गेंद पर पचासा तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल का आगाज ठीक उसी तरह किया जिस अंदाज में पिछले सीजन शुरुआत की थी। आईपीएल 2025 में वैभव ने 17 गेंद पर पचासा और एक तूफानी शतक लगाया था। इस सीजन के पहले मैच में ही चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 15 साल के इस खिलाड़ी ने 15 गेंद पर तूफानी पचासा ठोक दिया। लीग के इतिहास में यह संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज अर्धशतक है। उन्होंने अभिषेक शर्मा, इशान किशन, सुरेश रैना और ट्रेविस हेड को पीछे छोड़ा। वैभव सूर्यवंशी ने पिछले सीजन 7 पारियों में 252 रन बनाए थे। इस सीजन वैभव ने पहले मैच से दिखा दिया कि वह इस सीजन अपना पूरे साल वाला कमाल दिखाने के लिए तैयार हैं। वैभव का यह 8वां आईपीएल मैच ही था।

### सीएसके की बल्लेबाजी बुरी तरह फ्लॉप

चेन्नई की पारी शुरू से ही लड़खड़ा गई। ओपनर्स संजू सैमसन 6, ऋतुराज गायकवाड़ 6 रन पर पवेलियन लौटे। उसके बाद आयुष म्हात्रे 0 और मैथ्यू शॉर्ट 2 रन बनाकर आउट हुए। फिर सरफराज और शिवम दुबे भी जडेजा का शिकार बने। कार्तिक शर्मा ने भी 18 रन बनाए लेकिन डेब्यूटेंट बृजेश शर्मा ने उन्हें आउट किया। फिर आर्चर ने नूर अहमद और रवि बिश्नोई ने मैट हेनरी को आउट किया। 94 रन पर सीएसके के 9 विकेट गिर गए थे। अंत में ओवरटन रनआउट हुए और 127 रन पर पूरी टीम सिमट गई। अंशुल कम्बोज 7 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान रॉयल्स के लिए गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। नांद्रे बर्गर, रविंद्र जडेजा और जोफ्रा आर्चर ने 2-2 विकेट लिए। संदीप शर्मा, बृजेश शर्मा और रवि बिश्नोई को 1-1 विकेट लिया।

### आरआर ने 8 विकेट से जीता मैच

बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) 128 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी थी। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए 6.2 ओवर में 75 रन जोड़कर जीत की मजबूत नींव रखी। इस साझेदारी में वैभव ज्यादा मुखर रहे। वैभव ने 17 गेंदों पर 4 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 52 रन की पारी खेली। अंशुल कंबोज की गेंद पर सरफराज खान ने एक बेहतरीन कैच लेकर वैभव की पारी का अंत किया।

---


## खबर संक्षेप



### महिला एशियाई कप के लिए टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने एएफसी अंडर-20 एशियाई कप थाईलैंड 2026 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत ने 20 साल बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 2 अप्रैल को थम्मासैट स्टेडियम में जापान के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद 5 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया और 8 अप्रैल को चीनी ताइपे के खिलाफ मैच होंगे। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुप में से तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। इसके अलावा, क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय टीम 20 मार्च को बैंकॉक पहुंची और उन्हें स्थानीय माहौल में ढलने के लिए 13 दिन मिले।

### क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी : रहाणे



**मुंबई।** अपने भविष्य को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलों को खारिज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि वह अपने विकास के लिए क्रिकेट खेल रहे हैं, किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि एक क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी है और मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं। रहाणे ने पिछले सत्र में मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने सफेद गेंद के टूर्नामेंट में भी कप्तानी नहीं की, जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। रहाणे ने कहा,' लोगों को मेरे बारे में बोलने दीजिए। वे 20 साल से बोलते आ रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं। मैं किसी को यह साबित करने के लिए नहीं खेल रहा हूं कि मैं कितना हुनरमंद हूं।

---

### 2017 में फेडरर के बाद कमाल करने वाले सिनर बने दूसरे पुरुष खिलाड़ी

# सिनर का 'सनशाइन डबल' पूरा, लेहेका को हराकर मियामी ओपन पर कब्जा

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

यानिक सिनर ने जिरि लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर मियामी ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया और एरिना सबालेंका के बाद उनका भी 'सनशाइन डबल' पूरा हो गया।

सबालेंका ने कोको गाफ को हराकर महिला एकल खिताब जीता था। इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक साथ जीतने को 'सनशाइन डबल' कहा जाता है और 2017 में रोजर फेडरर के बाद यह कमाल करने वाले सिनर दूसरे पुरुष खिलाड़ी हैं। सिनर ने तीन साल पहले भी मियामी ओपन जीता था। पिछले साल प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण निलंबन की वजह से वह इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे।

### पहली सर्विस पर जीते 92 प्रतिशत अंक

दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी सिनर ने मुकाबले में अपनी पहली सर्विस पर 92 प्रतिशत अंक जीते और पूरे मैच के दौरान मिले तीनों ब्रेक पॉइंट बचाए। इस जीत के साथ उन्होंने मास्टर्स 1000 मुकाबलों में बिना सेट गंवाए अपनी जीत की सीरीज को 17 तक पहुंचा दिया।





### सनशाइन डबल हासिल करना मेरे लिए अविश्वसनीय : यानिक

मुकाबले के बाद सिनर ने कहा कि, मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए काफी मेहनत की है इसलिए मैं बेहद खुश हूं। अब घर लौटने को लेकर उत्साहित हूं। पहली बार सनशाइन डबल हासिल करना मेरे लिए अविश्वसनीय है मैंने कभी नहीं सोचा था कि ये संभव हो पाएगा।

### सिनर ने लगातार 34 सेट जीतकर बढ़ाया रिकॉर्ड

सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 34 सेट जीतकर अपना शानदार रिकॉर्ड भी बढ़ाया, जो पिछले साल के पेरिस मास्टर्स की शुरुआत से जारी है। एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के मुताबिक, इस सीजन में उनका रिकॉर्ड 19-2 हो गया है। 24 साल के सिनर ने अपने करियर में पहली बार इंडियन वेल्स जीता और 'सनशाइन डबल' जीतने वाले आठवें पुरुष खिलाड़ी बने। नोवाक जोकोविच और फेडरर ने कई मौकों पर यह उपलब्धि हासिल की है। जिम कूरियर (1991), माइकल चांग (1992), पीट सम्प्रास (1994), मार्सेलो रियोस (1998), आंद्रे अगासी (2001), रोजर फेडरर (2005-06) और नोवाक जोकोविच (2011, 2014-16) वो खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने सिनर से पहले सनशाइन डबल पूरा किया है।

### 'सनशाइन डबल' पूरा करने वालीं छठी जोड़ी बनी टेलर-कैटरीना



अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने मियामी ओपन महिला डबल्स का खिताब अपने नाम किया। टेलर-कैटरीना की जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में इटली की सारा एरानी और जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी को 7-6 (0), 6-1 से हराया। इस जीत के साथ टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा 'सनशाइन डबल' पूरा करने वालीं साल 2019 के बाद पहली जोड़ी बन गई हैं। साल 2019 में यह खास उपलब्धि एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका की जोड़ी ने हासिल की थी। टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी सनशाइन डबल पूरा करने वाली छठी महिला जोड़ी बनी है। इससे पहले यह मुकाम जाना नोवोत्ना और हेलेना सुकोवा (1990), लिसा रेमंड और रेने स्टब्स (2002), लिसा रेमंड और सामंथा स्टोसुर (2006, 2007), मार्टिना हिंगिस और सानिया मिर्जा (2015), एलिस मर्टेनस और आर्यना सबालेंका (2019) की जोड़ी हासिल कर चुकी हैं।

---

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट

# प्रज्ञानानंदा और कारुआना पहले राउंड के बाद टॉप पर



एजेंसी ▶▶| पाफोस

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत नीदरलैंड के अनीश गिरि को हराकर की और वह अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फेबियानो कारुआना तथा उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। पहले दौर में विश्व कप चैंपियन सिंदारोव ने रूस के आंद्रेइ एसिपेंको को हराया जबकि कारुआना ने अमेरिका के ही हिकारु नकामूरा को मात दी।

- सिंदारोव ने एसिपेंको को हराया, कारुआना ने नकामूरा को दी मात

आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में जर्मनी के मथियास ब्लूबाम और चीन के वेइ यि के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा।

### दिव्या ने मुजिचुक से खेला ड्रॉ



महिला वर्ग में भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला, जो कोनेरु हम्पी की जगह खेल रहीं हैं । वहीं आर वैशाली ने कजाखस्तान की बिबिसारा असायुबायेवा से ड्रॉ खेला। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने हमवतन कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला जबकि चीन की झू जिनेर और तान झोंग्यी के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट ओपन और महिला वर्ग में खेला जाता है, जिससे अगले विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले के चैलेंजर का निर्धारण होगा। इस समय डी गुकेश और चीन की जू वेंजुन विश्व चैंपियन हैं।

---

# शीतल देवी ने जीता सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज का खिताब

**शीतल बनीं विश्व पैरा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज**

एजेंसी ▶▶| लुसाने

भारत की शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना है, जिनकी असाधारण उपलब्धियों में ऐतिहासिक विश्व चैंपियनशिप खिताब शामिल है। जम्मू कश्मीर की 19 वर्ष की शीतल देवी विश्व पैरा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला भुजाहीन तीरंदाज बनी। उन्होंने पिछले साल दक्षिण कोरिया के ग्वांग्जू में महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में खिताब जीता था। शीतल भुजाएं नहीं होने के बावजूद अपने पैर और कंधे का इस्तेमाल करके तीरंदाजी करती हैं। वह विश्व चैम्पियनशिप में महिला टीम में रजत और मिश्रित टीम में कांस्य भी जीत चुकी है।

### शीतल ने की कई उपलब्धियां हासिल




विश्व तीरंदाजी ने कहा,'भारत की शीतल देवी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना गया है, जिन्होंने पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्व खिताब समेत कई उपलब्धियां हासिल की।' शीतल ने पेरिस पैरालम्पिक में मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता था। वह एशियाई पैरा खेल 2022 और 2023 एशियाई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत रजत जीत चुकी है।

### मेरा दिल कृतज्ञता और भावनाओं से भरा

शीतल ने एक्स पर लिखा,' दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाजों के साथ नामांकन मिलना और अब विश्व तीरंदाजी की ओर से सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना जाना। इस सफर में जो भी मिला उसके लिए मेरा दिल कृतज्ञता और भावनाओं से भरा हुआ है। धन्यवाद।'

# अफरीदी और रजा ने तोड़ा सुरक्षा प्रोटोकॉल



**लाहौर।** पाकिस्तान सुपर लीग की लाहौर कलंदर्स टीम के कप्तान शाहीन अफरीदी और विदेशी खिलाड़ी सिकंदर रजा को उनके होटल का टीम सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का दोषी पाया गया है। लाहौर डीआईजी ने पीएसएल के सीईओ को बताया कि शहर के पांच सितारा होटल में जहां आठ टीमें ठहरी हैं, सुरक्षा प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूर्व चेतावनी और मनाही के बावजूद शाहीन और सिकंदर ने रजा के आठवें माले स्थित कमरे में रात डेढ बजे तक चार मेहमानों की मेजबानी की। लाहौर कलंदर्स के मीडिया अधिकारी ने रजा के कमरे में 10.35 तक और फिर रात 11 बजे तक मेहमानों के रहने की अनुमति मांगी थी लेकिन दोनों खारिज कर दी गई थी।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/ 1418 Korba West, dtd. 27.03.2026
**e-Bidding TENDER NOTICE No. 1401/2026.**
**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100050194 | Assistance service in day to day office computer work at O/o ACE (S&P), Korba West. | 590/- | 14,010/- | 17.04.2026 |
| 2. | Rfx No. 8100050189 | Deployment of Vehicle (Cat-SUV) for E.E. (Maint. & OPRN), AH-I & E.E. (Project), 2x660 MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 6,115/- | 17.04.2026 |
| 3. | Rfx No. 8100050360 | Procurement of Foam Seal Sealer 30-45 for AOH/ COH of Unit No. 2,3 & 5, HTPS, Korba West. | 590/- | 10,260/- | 15.04.2026 |
| 4. | Rfx No. 8100050364 | Procurement of Metallic Gland Packing for AOH/ COH of Unit No. 2,3 & 5, HTPS, Korba West. | 590/- | 6,255/- | 15.04.2026 |
| 5. | Rfx No. 8100050374 | Supply of 1.5T & 2.0T Split Air Conditioner and Water Coolers with Accessories for HTPS, Korba West. | 590/- | 7,130/- | 17.04.2026 |

NOTE: - 1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website**https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.** .**2. Quantity as per tender schedule.**3.Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION
SUPERINTENDING ENGINEER (P-I)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**
**निलामी की तिथि एवं समय :- 22-अप्रैल-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे**
**(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**
HDFC BANK
**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
**शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001**
**Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com**
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

| | (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) / (G) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क्रं. | ऋणी(यों) का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)* | अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है) | कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य (रु.) | ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.) |
| 1. | **श्री प्रकाश अनोश,** प्रीति किराना स्टोर के पीछे, ग्रीन पार्क कॉलोनी, जरहाभाठा, बिलासपुर-छ.ग.-495001. **श्रीमती प्रकाश रशिम अनोश,** प्रीति किराना स्टोर के पीछे, ग्रीन पार्क कॉलोनी, जरहाभाठा, बिलासपुर-छ.ग.-495001& **श्रीमती प्रकाश आशा,** प्रीति किराना स्टोर के पीछे, ग्रीन पार्क कॉलोनी, जरहाभाटा, बिलासपुर-छ.ग.-495001. **श्री प्रकाश अनोश,** काली ढाबा के पीछे, हिर्री माइंस, छतौना, बिलासपुर-छ.ग.-495224. **श्रीमती प्रकाश रशिम** अनोश काली ढाबा हिर्री माइंस के पीछे, छतौना, बिलासपुर-छ.ग.-495224. **श्रीमती प्रकाश आशा** काली ढाबा हिर्री माइंस के पीछे, छतौना, बिलासपुर-छ.ग.-495224& **श्री प्रकाश अनोश,** प्रकाश इंटरप्राइजेज, न्यू हाई कोर्ट के पास, काली ढाबा के पीछे, रायपुर रोड-बिलासपुर-छग-495001& | ₹ 3,15,03,835/- 31 अगस्त 2022* की स्थिति में | प्लॉट 101, मकान शीट संख्या 5/4, खसरा 118/1, प.ह.नं. 22, मौजा तालापारा कॉलोनी, ग्रीन पार्क, वार्ड नंबर 9, बिलासपुर, प्लॉट एरिया (बिक्री विलेख के अनुसार):- 11,725 वर्ग फुट (1089.68 वर्ग मीटर), बी-1 के अनुसार:- 9146 वर्ग फुट (850 वर्ग मीटर), निर्माण:- (निर्मित क्षेत्र) भूतल (पिछला भाग)- 1573 वर्ग फुट (146.59 वर्ग मीटर), प्रथम तल (पिछला भाग)- 1573 वर्ग फुट (146.59 वर्ग मीटर), वास्तविक प्लॉट एरिया (साइट के अनुसार)- 6572 वर्ग फुट, भूतल (व्यावसायिक भाग):- 1975 वर्ग फुट (183.55 वर्ग मीटर), **लेटिट्यूड-22.075289, लांगिट्यूड-82.139343.** | भौतिक | ₹2,89,10,000/- | ₹28,91,000/- / ₹ 15,000/- |
| 2. | **श्री साहू थानेश्वर,** मकान नं. 46, पिता केजूराम साहू, द्वारा-राम सहाय साहू पाठक, बगीचा के पास जबड़ापारा, बिलासपुर, एम.कोर्प, बिलासपुर-छ.ग.-495001. **श्री साहू थानेश्वर,** अनी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, 414, तीसरी मंजिल, चौथा ब्लॉक 100, फीट रोड 17वीं मुख्य, कोरमंगला बेंगलुरु - 560034. **श्रीमती साहू सरिता** पिता रामसहाय साहू, वार्ड 44, मकान नंबर 496, पाठक बगीचा के, पास जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, एम.को. बिलासपुर-बिलासपुर-छ.ग.- 495001. | ₹ 7,82,399/- 30 सितंबर 24* की स्थिति में | परिवर्तित प्लॉट नंबर-896/1, क्षेत्रफल 868 वर्ग फुट, खसरा नंबर-219/35, स्टर कर्मांक 16/15ख, सरकंडा, प.ह.नं.-20/32, रानिमं-बिलासपुर, वार्ड नंबर 54/63, अरविंद नगर वार्ड, रानिमं-बिलासपुर, तहसील एवं जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़। **चौहद्दी**:-उत्तर में राजकुमारी की भूमि, दक्षिण में रानी यादव की भूमि, पूर्व में दिनेश मदवानी की भूमि एवं पश्चिम में सड़क। विक्रय विलेख के अनुसार प्लॉट का क्षेत्रफल-868 वर्ग फुट (80.669 वर्ग मीटर)। **लेटिट्यूड-22.109201, लांगिट्यूड-82.150719.** | भौतिक | ₹ 6,99,000/- | ₹ 69,900/- / ₹ 5,000/- |

**सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 08-अप्रैल -2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे**
**बोली की अंतिम तिथि :-20-अप्रैल -2026, शाम 5.00 बजे के पहले**
* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
**ऋणभार/दावों का खुलासा: (1 क्रमांक 01 वाली संपत्ति के संबंध में, यह निवेदन किया जाता है कि प्रतिभूतिकरण आवेदन (एसए) एसए/98/2023 वर्तमान में माननीय ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) जबलपुर के समक्ष विचाराधीन है, और उक्त संपत्ति की प्रस्तावित ई-नीलामी सह बिक्री उक्त कार्यवाही में माननीय डीआरटी द्वारा पारित अंतिम आदेशों और निर्देशों के अधीन और उन पर निर्भर होगी। (2) क्रमांक 02 के लिए एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के संबंध में कोई भार नहीं है।**
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई-नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई-मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.
**सावधानी नोट**: बड़े पैमाने पर ई-बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
दिनांक: 31 मार्च, 2026
स्थान: बिलासपुर
रजिस्टर्ड पता-एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी




**छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग, 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी विवि एक साथ घेरेगी एनएसयूआई**

# प्रदेश के 250 कालेजों में छात्रों ने एक साथ दर्ज कराया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छात्र घ चुनाव बहाली की मांग को लेकर प्रदेशभर में एनएसयूआई का चरणबद्ध आंदोलन जारी हो गया है। इसी क्रम में सोमवार को प्रदेश के लगभग 250 महाविद्यालयों में एक साथ राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

राजधानी रायपुर में महंत कॉलेज में ज्ञापन दिया गया। संगठन ने आगामी 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के एक साथ घेराव की घोषणा की है, जिसमें एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के साथ छात्र भी शामिल होंगे। संगठन का कहना है, वर्तमान में छात्रों की कई समस्याएं गंभीर बनी हुई हैं। लंबे समय से छात्र संघ चुनाव नहीं होने के कारण छात्रों की आवाज दब रही है। लगातार बढ़ती फीस से आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। गरीब छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिल पा रही है। शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कई संस्थानों में लाइब्रेरी, इंटरनेट, पेयजल एवं स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।



### जवाबदेही सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण

रायपुर में प्रदर्शन प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में हुआ। एनएसयूआई ने कहा, छात्र संघ चुनाव शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके जरिए छात्रों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से प्रशासन तक पहुंचाया जा सकता है और उन्हें अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का अनुभव एवं अभ्यास करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव छात्रों में नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी का विकास करते हैं तथा छात्र हितों के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हैं। इस दौरान अमित शर्मा, हेमंत पाल, वैभव मुंजेवार, पुनेशर लहरे, अंकित शर्मा, प्रियांशु सिंह, विनायक तिवारी समेत महाविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## रिटायरमेंट के तीन माह पहले देना होगा 'न मांग-न जांच प्रमाणपत्र' वित्त का निर्देश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि शासकीय सेवकों के रिटायरमेंट से तीन माह पहले ही न मांग न जांच का प्रमाणपत्र जारी किया जाए। वित्त विभाग ने यह निर्देश इसलिए दिया है कि रिटायरमेंट के बाद शासकीय सेवकों को अपनी पेंशन के लिए भटकना न पड़े।

यह निर्देश भी पेंशन प्रकरण लंबित रहने की स्थिति पर कड़ा संज्ञान लेने के बाद दिया गया है। इस संबंध में सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, संभागीय आयुक्तों और कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि कई मामलों में संबंधित प्रमाण पत्र समय पर जारी नहीं होने के कारण सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति की तिथि पर पेंशन प्राधिकार जारी नहीं हो पाता, जिससे उन्हें अनावश्यक विलंब का सामना करना पड़ता है। निर्देशों के अनुसार, पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 'ऑनलाइन पेंशन मैनेजमेंट सिस्टम – आभार आपकी सेवाओं का' के तहत निर्धारित समय-सीमा का पालन अनिवार्य किया गया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि न मांग तथा न जांच प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया तय समय-सीमा में पूरी की जाए। सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सेवानिवृत्ति की तिथि से कम से कम तीन माह पूर्व संबंधित शासकीय सेवक का 'न मांग-न जांच प्रमाण पत्र' जारी हो जाए। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई को उच्च प्राथमिकता देने को कहा गया है।







## राजधानी में पारा 40 डिग्री पार, यह प्रदेश में सर्वाधिक गर्म

**रायपुर।** मार्च अंत में अंततः राजधानी का पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। सोमवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक है। सोमवार को प्रदेश में सर्वाधिक गर्म राजधानी रायपुर ही रहा। जबकि सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री दर्ज किया गया। ना केवल राजधानी रायपुर बल्कि प्रदेश के अधिकतर स्थानों में तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री तक अधिक पहुंच गया है।

- सोमवार को दर्ज हुआ 40 .5 डिग्री तापमान, यह सामान्य से 3 डिग्री अधिक

**ओला वृष्टि भी संभावितः** प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा ओला वृष्टि होने की संभावना है। मौमस विभाग के अनुसार, एक पश्चिम विक्षोभ, ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर ईरान और उससे लगे कैस्पियन सागर के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 9.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके साथ एक द्रोणिका, निम्न से ऊपरी क्षोभमंडल पर 65 डिग्री पूर्व और 20 डिग्री उत्तर में 3.1 कम ऊंचाई पर स्थित है। एक प्रेरित ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पंजाब और उसे लगे हरियाणा के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश से अंदरुनी उड़ीसा तक मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर पूर्व बिहार से मणिपुर तक उत्तर बांग्लादेश, मेघालय और दक्षिण पूर्व असम होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका पश्चिमी विदर्भ से दक्षिण तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक अन्य द्रोणिका बिहार से गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।







हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com